CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 28 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 297 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 रबीउलअव्वल1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



‘मोदी मित्र’ के टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसानः खड़गे पेज 2



शुभमन गिल और रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम, वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर सम्पादकीय



दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब पेज़ 12


# भारत पर 50 % अमेरिकी टैरिफ लागू

## लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात हो सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के आयात को प्रभावित कर सकता है। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जों पर यह शुल्क 10 प्रतिशत था। अमेरिका भारतीय ऑटो पार्ट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। ऑटो पार्ट्स के कुल निर्यात का लगभग 32प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया। टैरिफ बढ़ोतरी से 7 बिलियन डॉलर (लगभग 61,000 करोड़) के सालाना आटो पार्ट्स निर्यात में से 30,000 करोड़ का निर्यात प्रभावित हो सकता है। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स छोटे और मध्यम उद्यम सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे जो इंजीनियरिंग गुड्स के 40 प्रतिशत निर्यात में योगदान देते हैं। इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। यूरोप (जर्मनी, यूके) और एशियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया) में इंजीनियरिंग गुड्स की मांग बढ़ रही है। भारत इन बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स के लिए पीएलआई स्कीम का विस्तार करके उत्पादन लागत को कम करना, -शेष पृष्ठ दो पर



- 70 प्रतिशत तक घट सकती है ज्वेलरी-कपड़ों की मांग, नौकरियों पर भी छा सकता है संकट
- चीन, वियतनाम और मेक्सिको इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे
- भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी होगी कम

### ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल आयात किए जाते हैं। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। ऑर्डर कम होने से कंपनियों को अपना प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है। हालांकि किस सेक्टर से कितनी नौकरियां जाएंगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिका को होने वाला निर्यात कम हो जाएगा। इससे सरकार को निर्यात से होने वाली कमाई में कमी आएगी। वहीं एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसके अलावा सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा।

# भारत को भरोसा, झेल सकता है ट्रम्प का टैरिफ वॉर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार पर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस बीच, तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही है। हाल ही में अमेरिका की ही रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की हैं।

फिच का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ बढ़ने का भारत की जीडीपी पर असर मामूली रहेगा, क्योंकि अमेरिका को भारत का निर्यात कुल जीडीपी का लगभग 2 फीसदी ही है। फिच ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी। दूसरी ओर, एसएंडपी ग्लोबल ने 18 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी- से बीबीबी कर दी है और कहा है कि भारत कोविड के बाद सबसे मज़बूत और तेज़ी से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है। 2023 में यह सिर्फ 9 प्रतिशत थी। आने वाले समय में युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता वर्ग की वजह से भारत का घरेलू बाजार वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकता है। यही कारण है कि भारत टैरिफ जैसे बाहरी झटकों को भी झेलने की क्षमता रखता है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक मई 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन 16.4 फीसदी बढ़कर 2,01,050 करोड़ रुपये पहुंच गया। मई 2024 में यह कलेक्शन 1,72,739 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.37 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। जीएसटी कलेक्शन के मजबूत आंकड़े घरेलू मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूती से आगे बढ़ रही है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की जुलाई 2025 की रिपोर्ट भी कहती है कि घरेलू मांग, अच्छे मानसून और ब्याज दरों में कमी से विकास दर 6.5 फीसदी तक रहेगी। इसके अलावा, 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाककिले से जीएसटी कानूनों में सुधार का दावा किया है। सरकार ने उसके जीएसटी के मौजूदा स्लैब को घटाने का प्रस्ताव जीएसटी परिषद को दिया है।

- अमेरिका की ही रेटिंग्स एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की



### पचास फीसदी सांसदों व विधायकों पर आपराधिक केस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें, तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है। देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं।

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 हुआ, कई लापता

जम्मू, वार्ता

**जम्मू के कटरा स्थित** वैष्णो देवी धाम मार्ग पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया।

हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे पुराने मार्ग पर अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मंगलवार देर रात तक 7 लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। बड़े-बड़े पत्थर, पेड़ और मलबे में दबने से ज्यादा नुकसान हुआ है। एक चश्मदीद ने बताया कि बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने -शेष पृष्ठ दो पर



### जम्मू में बारिश ने तोड़ा 115 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। गुरदासपुर के दाबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है।

# राहुल ने चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के कारण उनसे एफिडेविट की मांग से घिरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोग को बुधवार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ रुपये का चंदा जुटाया है, तो क्या उनसे भी शपथ पत्र मांगा जाएगा।

श्री गांधी ने कहा कि जिन पार्टियों को भारी रकम चंदे के रूप में मिली है उनको कोई जानता नहीं है और न ही उन्होंने ज्यादा चुनाव लड़े हैं। इन पार्टियों को जितना चंदा मिला है उसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इन दलों से भी चुनाव आयोग को शपथ पत्र मांगना चाहिए। गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना-लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला।

- गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ का चंदा जुटाया, तो क्या उनसे भी शपथपत्र मांगा जाएगा

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस नागरत्ना असहमत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। जस्टिस पंचोली अगर सुप्रीम कोर्ट में जज बनते हैं, तो वे अक्टूबर 2031 में सीजेआई बन सकते हैं।

# लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें सेनाएं

**डा. अंबेडकर नगर (महू)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों की बढ़ती जटिलता और अनिश्चितता के मौजूदा दौर में केवल सैनिकों या हथियारों की संख्या ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी , रणनीति और युद्ध के स्वरूप के अनुरूप तुरंत उसका जवाब देने में सक्षम सेनाएं ही अपना लोहा मनवा सकेंगी।

उन्होंने देश और सेनाओं को लंबी लड़ाइयों के लिए तैयार रहने तथा इसके लिए जरूरी क्षमता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करेंगे। जो देश प्रौद्योगिकी, रणनीति और अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में महारत हासिल कर लेगा वही सच्ची वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित यान और उपग्रह-आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रही हैं। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध-संघर्ष पर तीनों सेनाओं के अपनी तरह के पहले सेमिनार ‘रण संवाद’ को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और चौंकाने वाली रणनीतियों के गठजोड़ को आधुनिक युद्ध की बढ़ती जटिलता तथा अनिश्चितता का मुख्य कारण बताया।



- जीत के लिए प्रौद्योगिकी व रणनीति में महारत जरूरी: राजनाथ



## संक्षिप्त समाचार

### काशी से मेरठ के लिए चली वंदे भारत

**वाराणसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस (मेरठ सिटी लखनऊ-मेरठ सिटी) गाड़ी संख्या 22490/22489 का परिचालन अयोध्या धाम के रास्ते वाराणसी जंक्शन तक विस्तारित किया गया है। प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, अन्य जन प्रतिनिधियों और रेलवे अफसरों ने बुधवार को सुबह नौ बजकर दस मिनट पर हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि आज काशी के लिए विशेष दिन है। विकास के पथ पर अग्रसर काशी के साथ वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से एक नया अध्याय जुड़ गया है। श्रीवास्तव ने कहा को काशी की लगातार नई सौगातें मिल रही हैं।

### कर्ज में डूबे व्यापारी ने बच्चे की हत्या कर पत्नी संग की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के रोजा क्षेत्र में कर्ज और आर्थिक तंगी में से परेशान एक व्यापारी ने बुधवार को अपने चार वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या करने के बाद पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को 33 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा क्षेत्र के दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी निवासी सचिन ग्रोवर (35) अपनी पत्नी शिवांगी और बेटे फतेह (4) के साथ अपने घर में रह रहा था। सचिन ने कर्ज से परेशान होकर पहले बच्चे की हत्या की और बाद में पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# उप्र में फिर करवट लेगा मानसून, होगी अच्छी बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फनगर व हापुड़ में होगी वर्षा

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने 30 अगस्त के बाद से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इधर तीन दिनों में उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश होगी।

बुधवार को गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, में मेघगर्जन, बिजली गिरने के साथ मध्यम से भारी वर्षा के आसार है, वहीं अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, गाज़ियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर गुजरे निम्नदाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने तथा उससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान की तरफ खिसक गया है। साथ ही ओडिशा तट से दूर उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने एक अन्य निम्नदवाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसून द्रोणी के संभावित दक्षिणी विचरण के कारण प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। साथ ही परिणामस्वरूप आगामी तीन चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी से पहाड़ों की ओर आ रही नमी के प्रभाव से उत्तराखंड से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य भागों में छिटपुट वर्षा को छोड़कर कोई प्रभावी बारिश होने की संभावना नहीं है।

### उप्र में चार आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना को पीटीसी सीतापुर में अपर पुलिस महा. निदेशक के पद पर भेजा गया है, जबकि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत आकाश कुलहरि को झांसी परिक्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। उन्होने बताया कि झांसी परिक्षेत्र के मौजूदा आईजी केशव कुमार चौधरी को गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा गया है, वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट की मौजूदा अपर पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर मेरठ सेक्टर स्थानांतरित किया गया है।

# ट्रम्प टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसानः खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कारोबार पर आय का संकट, लाखों नौकरियों पर खतरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के 50 फीसदी आयात शुल्क लगाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन डोनाल्ड ट्रम्प के लिए वह वोट मांग रहे थे, उनके उसी मित्र ने बुधवार से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया, जिससे कई क्षेत्र के कारोबार पर संकट आएगा और लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी।

खड़गे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले पर मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रिय मित्र 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' ने आज से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस आयात शुल्क के पहले झटके से अकेले 10 क्षेत्रों में हमें 2.17 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। इस फैसले से हमारे किसान, खासकर कपास उत्पादक किसान, बुरी तरह प्रभावित हैं।

आपने कहा था कि उनकी रक्षा के लिए कोई भी 'व्यक्तिगत कीमत' चुकाने को तैयार हैं, लेकिन आपने इस झटके को कम करने और उनकी आजी. विका की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल जीटीआरआई का अनुमान है कि ट्रम्प सरकार के इस फैसले से देश का सकल घरेलू उत्पाद का करीब एक प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है, लेकिन इस निर्णय से चीन को फायदा होगा।

हमारे यहां इस फैसले से एमएसएमई सहित कई निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को नुकसान होगा जिससे भारी संख्या में नौकरियां खत्म होंगी। भारतीय कपड़ा निर्यात क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष स्तर पर लगभग पांच लाख लोगों के रोजगार पर संकट आ रहा है। इसी तरह से टैरिफ जारी रहने से रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में डेढ़ से दो लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है।

### अमेरिकी टैरिफ का असर आगरा के चर्म उद्योग पर

**आगरा।** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का असर आगरा के जूता कारोबार पर देखने को मिल रहा है। आगरा से हर साल करोड़ों रुपए का जूता निर्यात होता है। शू फैक्टर फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि इस बार करीब पांच लाख जोड़ी जूते बनाने का ऑर्डर मिले हैं। टैरिफ की वजह से ऑर्डर या तो रद्द हो रहे हैं या फिर होल्ड कर कर दिए हैं। कुछ व्यापारी पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्यात करते हैं। आज वो फैक्ट्रियां बंद होने के कगार पर हैं। जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल को बेचने वाले व्यापारियों के सामने भी दिक्कत आ रही है। उम्मीद है कि सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

## सीएम योगी ने मुख्य सेविकाओं व फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र बांटे

# बेईमान दलों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नियुक्ति पत्र पाकर 2425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों के खिले चेहरे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेईमान राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनी. ति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था।

लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अढा बना दिया। योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया।

उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।

### थारू की बेटियों का चयन निष्पक्ष प्रक्रिया का उदाहरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि पहले जहां योजनाएं सुदूर इलाकों तक नहीं पहुंच पाती थीं, आज वही लोग नौकरी पा रहे हैं।

विशेष रूप से थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों की बेटियों का चयन इस निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण है। योगी ने कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मैंने देखा कि आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज जैसे जनपदों के युवाओं को अवसर मिला। वहीं लखीमपुर खीरी और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से थारू जनजाति की बेटियों का चयन हुआ, जो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर आजमगढ़, अमरो. हा, बिजनौर, शामली, ललितपुर, जालौन या सोनभद्र की बेटी चयनित होती है, तो यह साफ है कि प्रतिभा वहां भी थी और प्रक्रिया निष्पक्ष रही। यह कदम न केवल युवाओं को रोजगार दे रहा है, बल्कि सुदूर क्षेत्रों के लोगों में उम्मीद जगाने वाला है।

# एक सितम्बर से फिर चलेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से एक से 30 सितम्बर के बीच 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान डीएम के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जिला स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्यमूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं।

इस अवधि में पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह पहल पूर्णतः विधिसम्मत एवं जनहितैषी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 93700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115870
प्रति किलो



# पीएम स्वनिधि योजना 31 मार्च 2030 तक बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

■ लोन की राशि 10,000 से बढ़कर 15,000 हुई, 1.15 करोड़ रेहड़ी-पटरी वालों को फायदा मिलेगा

रेहड़ी-पटरी वालों को बैंकों से कर्ज दिलाने की पीएम स्वनिधि नाम से चर्चित 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना' का पुनर्गठन के साथ 31 मार्च, 2030 तक विस्तार कर दिया गया है और इसमें कर्ज की पहली और दूसरी किस्तों में पांच-पांच हजार रुपए की वृद्धि की जा रही है।

पुनर्गठित योजना में पहली और दूसरी किस्त में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा एवं थोक लेनद. न के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा सां. विधिक कस्बों से आगे बढ़कर जनगणना कस्बों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि तक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमडल की बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और ऋण अवधि को 31 मार्च 20230 तक बढ़ाने को मंजूरी दी। यह जानकारी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। योजना में कर्ज देने की अवधि 31 दिसंबर 2024 को पूरी हो गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का कुल परिव्यय 7,332 करोड़ रुपए है। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। योजना का कार्यान्वयन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लागू की जाएगी। वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जमीनी स्तर के अधिकारियों के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों के लिए छोटे ऋण तथा क्रेडिट कार्ड की सुविधा आसान करेगा। विज्ञप्ति के अनसुार पुनर्गठित योजना में पहली किस्त के ऋण को 10,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपए तक और दूसरी किस्त के ऋण को 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 तक कर दिया गया है। तीसरी किस्त 50,000 पर अपरिवर्तित रहेगी। सरकार का कहना है कि यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तुरंत ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए, रेहड़ी-पटरी वाले खुदरा और थोक लेनदेन पर 1,600 रुपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। एफएसएसएआई के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

### सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत सुबह 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई थी। हालांकि शाम को ये 1,15,870 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,722 रुपए बढ़कर 1,00,884 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,853 रुपए बढ़कर 1,15,870 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है।

# गेहूं-चावल सस्ता, खाद्य तेलों- दालों में रही घटबढ़, चीनी की कीमतों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट चढ़कर 4,489 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 53.47 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 75 रुपए घटकर 3,764.08 रुपए प्रति क्विटल रह गई। गेहूं 33 रुपए प्रति क्विटल की नरमी के साथ 2,804.78 रुपए प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 22 रुपए टूटकर 3,271.26 रुपए प्रति क्विटल रह गई। सरसों तेल औसतन 85 रुपए प्रति क्विटल महंगा हो गया। सूरजमुखी तेल 26 रुपए और मूंगफली तेल 83 रुपए चढ़ गया। वनस्पति 47 रुपए और पाम ऑयल 90 रुपए प्रति क्विटल मजबूत हुआ। सोया तेल 41 रुपए प्रति क्विटल टूट गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 35 रुपए प्रति क्विटल टूट गई। चना दाल 26 रुपए और उड़द दाल 34 रुपए प्रति क्विंटल उतर गई। मूंग दाल में छह रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत छह रुपए प्रति क्विटल बढ़ गई। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। गुड़ की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 23 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः **दाल-दलहनः** दाल चना 7950.71 रुपए, मसूर काली 8151.78 रुपए, मूंग दाल 10078.40 रुपए, उड़द दाल 10423.59 रुपए, अरहर दाल 10745.63 रुपए प्रति क्विटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत पर...** ताकि कंपनियां अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धी रहें। भारत ने 2024 में अमेरिका को 14 बिलियन डॉलर (करीब 1.23 लाख करोड़ रुपये) के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात किया था। इसमें स्मार्टफोन, खासतौर पर आईफोन का बड़ा हिस्सा है। सेक्शन 232 अमेरिकी व्यापार विस्तार अधिनियम 1962 का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात पर टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। सेक्शन 232 की समीक्षा के बाद टैरिफ पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा के बाद अगर 50 प्रतिशत का नया टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका में भारत से आयात होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो जाएंगे। कंपनियां अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को किसी और देश में बनाने पर विचार कर सकती हैं। ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी है। 100 डॉलर की दवा की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इससे सन फार्मा, डा. रेड्डी, सिप्ला, ल्यूपिन जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों को नुकसान होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 9.94 बिलियन डॉलर (करीब 87 हजार करोड़) के रत्न और आभूषण आयात किए थे। ये अमेरिकी हीरा आयात का 44.5 प्रतिशत है। कुछ आभूषणों पर पहले से ही 25 प्रतिशत तक टैरिफ था। अमेरिका में कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.20 प्रतिशत की कमी हो सकती है। नया टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.30 प्रतिशत की कमी संभव है। अमेरिकी खरीदार सस्ते विकल्पों की ओर जा सकते हैं, जिससे भारतीय कारीगरों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। वहीं भारतीय कंपनियां दुबई और मेक्सिको जैसे देशों में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करने पर विचार कर सकती हैं, जहां टैरिफ कम हैं। दुबई में यह शुल्क सिर्फ 10 प्रतिशत और मेक्सिको में 25 प्रतिशत है, जबकि भारत को अब 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 10 बिलियन डॉलर, यानी करीब 87 हजार करोड़ के टेक्सटाइल आयात किए थे। इसमें रेडीमेड गार्मेंट से लेकर काटन यार्न और कॉरपेट शामिल है।

**वैष्णो देवी में...** लगे और सब तबाह हो गया। प्रशासन का कहना है कि 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल, इस इलाके में भारी बारिश की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। मंगलवार को जम्मू शहर में 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। नॉर्दर्न रेलवे ने भी बुधवार को जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है। एक श्रद्धालु ने बताया कि मैं और मेरा पूरा परिवार साथ जा रहे थे। मेरे बच्चे और पत्नी आगे निकल गए। फिर बहुत जोर से चट्टान गिरी। हमें कुछ समझ नहीं आया। अब मेरे बच्चों का कुछ पता नहीं चल रहा है। हम डरे हुए हैं। पल भर में हमारा सब कुछ बिखर गया। एक और महिला ने बताया कि हम माता रानी के दरबार में जा रहे थे। हमें कुछ समझ नहीं आया। मैं और मेरे पति तो बच गए पर मेरे तीनों बच्चे दब गए। सब कुछ तुरंत हो गया।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# लखनऊ में नशीली दवाओं के काले कारोबार का बड़ा खुलासा

### सीबीआई ने दो नारकोटिक्स इंस्पेक्टरों को दस लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** में बीती रात सीबीआई ने एक सनसनीखेज कार्रवाई करते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के दो इंस्पेक्टरों महिपाल सिंह और रवि रंजन को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दोनों इंस्पेक्टर देवा नर्सिंग होम संच. ालक गयासुद्दीन अहमद से प्रतिबंधित कोडीन सिरप और अन्य साइकोट्रॉपिक दवाओं की बरामदगी से बचाने के लिए दस लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

सीबीआई की टीम ने हिडन कैमरे और कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए पूरा सबूत जुटाया और जैसे ही रकम सौंपी गई, तत्काल दबिश देकर दोनों




अफसरों को हिरासत में ले लिया। इस मामले की जड़ें 26 जुलाई को निकलना शुरु हुई थीं, जब नारकोटिक्स ब्यूरो ने लखनऊ के पुराने दवा बाजार में छापा मारकर बीस लाख से अधिक टैबलेट्स और करीब पांच हजार सात सौ बोतल कोडीन सिरप जब्त किया था। पकड़े गए आरोपी रोशन लाल की निशानदेही पर देवा नर्सिंग होम संचालक गयासुद्दीन का नाम सामने आया, जिस के बारे में आरोप है कि बरामदगी के बाद इंस्पेक्टरों ने उसे डराकर पैसे ऐंठने की योजना बनाई। इसमें बिचौलिये सुनील जायसवाल की भी भूमिका बताई जा रही है। सीबीआई ने महिपाल सिंह, रवि रंजन और गयासुद्दीन अहमद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सुनील जायसवाल सहित अन्य संदिग्धों की भी जांच जारी है। यह मामला न सिर्फ नशीली दवाओं के अवैध कारोबार की गंभीरता को उजागर करता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जिम्मेदार अफसर किस तरह काले धंधे का हिस्सा बनकर पूरे नेटवर्क को पनपने देते हैं। सीबीआई की इस कार्रवाई से उम्मीद जगी है कि ड्रग माफिया और उनके संरक्षणकर्ताओं की पूरी परतें अब खुलेंगी और इस अंधेरे व्यापार की जड़ तक पहुंचा जा सकेगा।

## अखिलेश से अवध बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज लखनऊ में अवध बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव ललित तिवारी एडवोकेट, उत्तरी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला तथा बार के अन्य पदाधिक. ारी मिले। इस दौरान श्री यादव ने श्री तिवारी को बधाई दी और अधिवक्ताओं के साथ न्यायिक मामलों पर चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर बार सदस्यों के हित में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। अधिवक्ताओं ने अखिलेश यादव के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की भव्य इमारत बनी थी।

# रोजगार महाकुंभ में उद्योग और कौशल के बीच पुल बनाने पर जोर

### युवाओं को एआई और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में मिलेगा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** रोजगार महाकुंभ 2025 के दूसरे दिन आईजीपी, गोमती नगर में आयोजित सत्र 'इंडस्ट्री नीड्स बनाम स्किल इकोसिस्टम ब्रिजिंग द गैप' में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में प्रदेश में पहली बार प्रत्येक जिले की शीर्ष पांच औद्योगिक इकाइयों को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग पार्टनर बनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय रोजगार के अनुरूप प्रशिक्षित कर अपने ही जिले में रोजगार उपलब्ध कराना है। कल रोजगार महाकुंभ के पहले दिन व्यवस्था को लेकर अव्यवस्था और अफरा-तफरी देखने को मिली थी।

अधिक भीड़ के कारण धक्का-मुक्की और नारेबाजी तक की स्थिति बनी और अभ्यर्थियों को यह भी समझ नहीं आ रहा था कि किस काउंटर पर जाना है। हालांकि दूसरे दिन प्रशासन ने टोकन प्रणाली लागू की और अलग-अलग काउंटर निर्धारित कर दिए, जिससे इंटरव्यू और चयन की प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। इस बदलाव से मेले का संचालन पहले की अपेक्षा काफी शांत और सुचारु रहा और अभ्यर्थियों को भी सुविधा महसूस हुई। मिशन निदेशक ने कहा कि कौशल विकास मिशन 'सबको हुनर, सबको काम' के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसके तहत स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के माध्यम से युवाओं को पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ भविष्य की तकनीकी जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। मिशन निदेशक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इन्वेस्ट यूपी के साथ मिलकर आने वाली औद्योगिक परियोजनाओं का आकलन किया है और उसके अनुरूप फ्यूचरिस्टिक जॉब रोल्स तय किए गए हैं। सत्र में यह भी कहा गया कि युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मुजफ्फरनगर में बनेगा वेदान्ता विश्वविद्यालय

### उच्च शिक्षा मंत्री ने फतेह चन्द चौरिटेबल ट्रस्ट को सौंपा आशय-पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर फतेह चन्द चौरिटेबल ट्रस्ट, मुजफ्फरनगर को निजी क्षेत्र में प्रस्तावित वेदान्ता विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु आशय-पत्र प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है और गुणवत्तापरक शिक्षा, शोध तथा कौशल विकास को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय मुजफ्फरनगर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खोलेगा। इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार होगा और छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। आशय-पत्र उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधि. नियम 2019 के तहत जारी किया गया है। इसके अनुसार प्रायोजक संस्था को विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए निर्धारित शर्तें पूरी करनी होंगी।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल: अखिलेश यादव

### 2027 में जनता करेगी सत्ता से बाहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, लूट और बेइमानी चरम पर है और वोट चोरी की चर्चा आम जनता तक पहुंच चुकी है।

जल-जीवन मिशन सहित कई विभागों में बड़े घोटाले हुए हैं, बिजली संकट से लोग त्रस्त हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उनके अनुसार अपराधी खुलेआम हत्या और लूट की





घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जबकि भाजपा सरकार के एजेंडे में न नौकरी है न रोजगार। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से प्रदेश में रोजगार खत्म हो गया है। सरकार नौजवानों को विदेश में नौकरी का झांसा दे रही है, जबकि बेरोजगारी का कोई ठोस समाधान उसके पास नहीं है। किसान, व्यापारी और नौजवान सभी संकट में हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही, वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हैं और आंदोलन करने पर उन्हें खाद के बजाय लाठियां दी जा रही हैं। अखिलेश के अनुसार किसानों का आंदोलित होना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को भी बीमार बना दिया है। आपात स्थिति में गंभीर मरीजों को बेड और इलाज नहीं मिल पा रहा। विकास के कार्य ठप पड़े हैं। हाल में कई जिलों में आई बाढ़ से जनता को भारी नुकसान हुआ, लेकिन सरकार ने पीड़ितों की कोई मदद नहीं की। उन्होंने दावा किया कि जनता अब भाजपा के हलूट और झूठह को समझ चुकी है और 2027 के विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्टाचारी शासन का अंत करेगी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सांसद देवेश शाक्य, मोहिबुल्ला नदवी, छोटे लाल खरवार, विधायक शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, आशु मलिक, फहीम इरफान सहित डाक्टरों, अधिवक्ताओं और बड़ी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने 2,438 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## बोले- आंगनवाड़ी केन्द्रों से होकर जाता है विकसित भारत का रास्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मिशन रोजगार के अन्तर्गत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा प्रदान कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना प्रत्येक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां अब शासन-प्रशासन का हिस्सा बन रही हैं और यह चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता व पारदर्शिता का प्रमाण है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री



ने थारू जनजाति की बेटियों की सफलता को विशेष रूप से रेखां. कत किया और कहा कि सुदूर अंचलों से लेकर बड़े शहरों तक के युवा अब व्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई, जिनमें 12,045 बेटियां शामिल हैं, जबकि 40 हजार से अधिक महिला पुलिस कर्मियों को बल से जोड़ा गया है। इसी अवधि में बेसिक शिक्षा विभाग में 1 लाख 56 हजार शिक्षकों की भर्ती भी की गई, जिनमें अधिकतर बेटियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। इसी लक्ष्य से सरकार ने आंगनवाड़ी केन्द्रों और बेसिक शिक्षा विभाग का उन्नयन किया है। उन्होंने बताया कि 5 हजार बाल वाटिकाओं की स्थापना की जा रही है, जो बच्चों के मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों का पुनरुद्धार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और सामूहिक विवाह योजना की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब तक 26 लाख बेटियों को कन्या सुमंगला योजना से और 4 लाख से अधिक बेटियों को सामूहिक विवाह योजना से लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विक. सित भारत का लक्ष्य तय किया है और इस लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता गांव की गलियों और आंगनवाड़ी केन्द्रों से होकर जाता है।

# 60 करोड़ की साइबर ठगी में अमेठी का युवक गिरफ्तार

### प्लास्टिक सर्जरी कर बदल लिया था चेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद में बलरामपुर पुलिस ने 60 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में अमेठी के युवक राहुल मिश्र को गिरफ्तार किया है। राहुल कोतवाली अमेठी क्षेत्र के भरेथा चौबेपुर गांव का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, वह पहले भी एक बड़े फ्रॉड में जेल जा चुका था। जेल से छूटने के बाद राहुल ने पहचान छिपाने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई थी। सर्जरी के बाद उसका चेहरा इतना बदल गया कि गांव वाले भी उसे पहचान नहीं पाए। पत्नी छोड़कर चली गई मायके करीब चार साल पहले राहुल की शादी प्रतापगढ़ में हुई थी। लेकिन धोखाधड़ी के मामले में जेल जाने के बाद उसकी पत्नी बेटे को लेकर मायके चली गई। वर्तमान में गांव में राहुल की मां रेनू और बहन शिल्पा रहती हैं। उसकी दो अन्य बहनें शिवानी और खुशबू शादीशुदा हैं, जबकि पिता जयप्रकाश लखनऊ में नौकरी करते हैं। गांव में रहता था अलग-थलग गांव के लोगों के मुताबिक, राहुल का परिवार समाज से कटकर रहता है। चार महीने पहले जब राहुल गांव आया था तो अक्सर स्कूटी से कहीं जाता और सीधे घर लौट आता था। उसकी मां का भी पड़ोसियों से विवाद रहता है और कई बार पुलिस तक मामला पहुंच चुका है। शातिर दिमाग, रहस्यमय जीवन ग्रामीण बताते हैं कि राहुल शुरू से ही शातिर दिमाग का था। जेल से लौटने के बाद बदले हुए चेहरे और रहस्यमय गति. विधियों ने उसे चर्चा में बनाए रखा। अब 60 करोड़ की साइबर ठगी में उसकी गिरफ्तारी ने पूरे गांव को चौंका दिया है।

# पर्यटन मंत्री ने किया राज्य संग्रहालय के उच्चीकृत ऑडिटोरियम का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को राज्य संग्रहालय लखनऊ में उच्चीकृत ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया तथा मथुरा स्थित राजकीय संग्रहालय के तीन सौ साठ डिग्री वर्चुअल टूर का विमोचन किया।

इस सुविधा के शुरू होने के बाद दर्शक अब घर बैठे एक क्लिक के माध्यम से संग्रहालय का भ्रमण कर सकेंगे और वहां संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, प्रतिमाओं और अन्य ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पांडुलिपियां हमारी बहुमूल्य धरोहर हैं उन्होंने निदेशक संग्रहालय को निर्देश दिए कि आधु. निकतम तकनीक का प्रयोग कर इन धरोहरों को संरक्षित रखने और शोधार्थियों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। मंत्री ने यह भी कहा कि लखनऊ तथा अन्य विद्यालयों के बच्चों को संग्रहालय भ्रमण कराया जाए, ताकि उनमें इतिहास और संस्कृति के प्रति जिज्ञासा तथा समझ विकसित हो। पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह ने बताया कि अब दर्शक संग्रहालय की किसी भी गैलरी की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। समारोह में विभिन्न विद्यालयों में आयोजित भाषण, गायन, चित्रकला, फैंसी ड्रेस और रंगोली प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वालों में आशी, हम्बिया अंसारी और रिश्रिमा सोनी, जबकि द्वितीय पुरस्कार पाने वालों में कार्तिक और जोया प्रमुख रहे। इसके अलावा अनेक बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संग्रहालय की निदेशक सृष्टि धवन ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अभिलेखागार के निदेशक अमित अग्निहोत्री, संग्रहालय के डॉ. विनय सिंह, डॉ. अरसाज फातिनी, डॉ. मीनाक्षी खेमका, प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद दूबे सहित बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया भंडारण कक्ष का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवी पैड भंडारण कक्ष का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था देखी और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच टीवी स्क्रीन पर देखी एवं साफ-सफाई के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गणेश चतुर्थी पर जगह-जगह स्थापित हुई भगवान गणेश की प्रतिमाएं






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** गणेश चतुर्थी का पर्व पर भगवान गणेश के अनुयायियों ने गाजेबाजे के साथ शोभायात्राएं निकाली और भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं को पंडालो में स्थापित किया। जिला मुख्यालय से से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक गणेश चतुर्थी पर्व उसकी धूम रही। श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान गणेश जी के घर आने पर सुख समृद्धि आती है।

विश्व का कल्याण होता है। शहर के दुर्गा पुरवा, आलमनगर, होली नगर, नई बस्ती आदि मोहल्ले में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। खासकर होली नगर में बंगाली पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नैपालापुर में भी भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। पहले शोभायात्रा निकाली गई, उसके बाद प्रतिमा को पंडाल में स्थापित किया गया है। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमा की आरती और वंदना की।

# टैरिफ संकट से यूपी का निर्यात बुरी तरह प्रभावित: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत विदेश नीति और प्रतिशोधात्मक टैरिफ के कारण उत्तर प्रदेश का निर्यात गंभीर संकट में है।

उन्होंने आरोप लगाया कि टैरिफ ने न केवल निर्यातकों की कमर तोड़ी है, बल्कि पैकिंग, ट्रांसपोर्ट, सप्लाई और वेंडर्स समेत लाखों कामगार, कलाकार और शिल्पकारों के परिवारों को भी संकट में डाल दिया है। अखिलेश यादव ने निर्यातकों को संबोधित पत्र में कहा कि एक्सपोर्ट का पेमेंट साइकल बिगड़ गया है और निर्यातक तबाही के कगार पर खड़े हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार ओडीओपी के तहत आने वाले उत्पादों को विशेष राहत दे और अन्य उत्पादों को भी सुरक्षा कवच प्रदान करे, ताकि विदेशी पाबंदियों के बीच उनका कारोबार बचाया जा सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कदम नहीं उठाए तो लाखों निर्यातकों का काम ठप हो जाएगा और करोड़ों लोग बेरोजगार होंगे, जिससे प्रदेश की बेरोजगारी और विकराल रूप धारण कर लेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यह समय निर्यातकों के लिए एकजुट होकर अपनी मांगें सरकार के सामने रखने का है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चंदा वसूलने में व्यस्त है, लेकिन प्रदेश के उद्योग-कारोबार और निवेश के भविष्य की ओर ध्यान नहीं दे रही। उनका कहना था कि सरकार के पास संसाधनों की कमी नहीं है, बल्कि सोच की कमी है। अखिलेश यादव ने बताया कि बनारसी साड़ी, कालीन, पीतल, ताला-हार्डवेयर, चमड़ा, इत्र, स्पोर्ट्स, प्रोसेस्ड फूड, संगमरमर, रेडीमेड गारमेंट्स, जरदोजी, होम फर्निशिंग, बांस, सुनारी, बिंदी, लकड़ी के उत्पाद, शजर पत्थर शिल्प, सिरेमिक, जूट, इंजीनियरिंग उत्पाद, टेराकोटा, हींग, हैंडमेड पेपर, सॉफ्ट टॉयज, चिकनकारी, फर्नीचर, गौरा पत्थर, तारकशी, मेटल क्राफ्ट, बांसुरी और हस्तशिल्प जैसे अरबों-खरबों रुपये के प्रॉडक्ट्स समुद्र में जहाजों में अटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारतीय सामानों पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाने से अकेले उत्तर प्रदेश में पांच सौ उद्योगों के बंद होने और लाखों श्रमिकों के बेरोजगार होने का संकट मंडरा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने उद्योग और रोजगार को चौपट कर दिया है। जब तक भाजपा सत्ता में है तब तक खुशहाली लौटना संभव नहीं है।

# राष्ट्रीय लोकदल की 29 व 30 अगस्त को लखनऊ में होंगी महत्वपूर्ण बैठकें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आगामी दिनों में दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी दी कि दिनांक उनतीस अगस्त को प्रकोष्ठ अध्यक्षगण एवं प्रभारीगण की बैठक होगी, जबकि तीस अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी। इन दोनों बैठकों में राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और संगठन के सुदृढ़ीकरण, आगामी रणनीति तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देंगे।

इन बैठकों की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय करेंगे। वे प्रदेशभर से आए पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार और मार्गदर्शन देंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि तीस अगस्त की बैठक में पंचायत चुनाव कमेटी के प्रभारी कुलदीप उज्ज्वल तथा समिति के अन्य सदस्य भी भाग लेंगे। वे पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल की भागीदारी और रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

इन बैठकों में प्रदेश नेतृत्व और संगठनात्मक इकाइयों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की प्रगति पर चर्चा होगी और वर्तमान राजनी. तिक परिस्थितियों में पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को लेकर ठोस रणनीति बनाई जाएगी। कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की गई है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचें और अपने मूल्यवान सुझावों से पार्टी को लाभान्वित करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आस्था व उल्लास के साथ मना गणेश चतुर्थी का पर्व

**आस्था**

**भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा ने लोगों का मन मोहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बुधवार को नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई तो वहीं भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई।

श्री शनि सेना द्वारा आयोजित श्री गणेश शोभायात्रा बुधवार को नगर के फाजलपुर फाटक से प्रारंभ होकर बुधबाजार के पास स्थित शनि धाम पर जाकर समाप्त हुई। पूर्व विधायक हरपाल सिंह, नगर पालिका के वरिष्ठ लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, व्यापारी संग्राम सिंह ने भगवान गणेश का पूजन किया। इस दौरान शनि सेना के कार्यकर्ता व स्थानीय भक्त गणेश जी के भजनों पर झूमते रहे और रंग गुलाल उड़ाते रहे। इस मौके पर शनि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली, संरक्षक सुरेंद्र स्वामी, आकाश शर्मा, राजीव सैनी, पवन पवार, महेंद्र स्वामी, जीतू सैनी, ललित भारद्वाज, अमित भारद्वाज, पवन पवार, प्रवीण खड़कवंशी, वंश अग्रवाल, प्रेम कुमार चौहान, अतुल कुमार, शिव कुमार सैन आदि मौजूद रहे। नगर के इंदिरा चौक पहुंचने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पुलिस स्टॉफ के साथ मिलकर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।


गजरौला। शोभायात्रा का शुभारंभ करते पूर्व विधायक हरपाल सिंह

नगर के नोबल पब्लिक स्कूल में श्री गणपति बप्पा की प्रतिमा का स्थापना एवं पूजन बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान पूरा विद्यालय प्रांगण "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने भव्य तरीके से गणेश वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रबंधक राजीव उपाध्याय, उपप्रधानाचार्या तोशिमा शर्मा, निदेशक शुभम उपाध्याय समेत सपना सिंघल, शालिनी सिंह, विनीत कुमार, मोहन गुप्ता, सला. ेनी, यतेन्द्र सिंह राघव, कपिल कुमार, प्रीती शर्मा, प्रियंका, प्रियांशी, रीना, स्वाति, दीपा शर्मा आदि मौजूद रहे। सारस्वत ब्राह्मण सभा व संस्कृत संस्कृति विकास संस्थान के तत्वावधान में सनातन धर्म माध्यमिक संस्कृत विद्यालय गजरौला के प्रांगण में श्रीगणेश चतुर्थी का पूजन कार्यक्रम आस्था के साथ किया। खेमराज शर्मा के आचार्यत्व में श्री महागणपति शतार्चन आवरण, पूजन अभिषेक व षोडशोपचार समर्चन, श्रीगणेशाथर्वशीर्ष पाठश्रवण प्रबंधक बसंत सारस्वत, देवेश शर्मा, मोहित शर्मा, रजनीश प्रभाकर व विद्यालय के वैदिक छात्रों द्वारा किया गया।


गजरौला। सनातन धर्म विद्यालय में पूजन करते प्रबंध समिति के पदाधिकारी।

## पति को बचाने पहुंची महिला को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** थाना क्षेत्र के सलारपुर माफी गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बीती देर शाम गांव निवासी कामेन्द्र सिंह के घर के सामने मोहित के साथ योगेन्द्र, धर्मेन्द्र और रोमित झगड़ रहे थे। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंची कामेन्द्र सिंह की पत्नी नीता देवी को आरोपियों ने मोहित को छोड़कर निशाना बना लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना पर नीता देवी के पति कामेन्द्र सिंह ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही तीनों आरोपी युवक फरार हो गए। घायलावस्था में नीता देवी को पुलिस ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया। नीता देवी ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सुचितापूर्ण भर्ती के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला गंगानगर निवासी सिकलेश पत्नी सुन्दर सिं का महिला कल्याण विभाग में फार्मेसिस्ट के पद पर चयन हुआ। बुधवार को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष बोलने का अवसर प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार के साथ साथ नगरवासियों को भी गर्व हो रहा है। अपने संबोधन में सिकलेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश सरकार को सुचितापूर्ण भर्ती कराने के लिये आभार ज्ञापित किया। कहा कि वे अपने पद की गरिमा के अनुरूप काम करते हुए विभाग की मंशा पूर्ण करेंगी। वहीं सिकलेश को मिली इस उपलब्धि से गजरौला के मौहल्ला गंगानगर स्थित उनके आवास पर जश्न का माहौल रहा। उनके पति सुन्दर सिंह समेत परिवार के सदस्य संजीव कुमार, कुलवंत सिंह, पूर्व सभासद गीता आदि को बधाईयों को तांता लगा रहा।

# जीएनएम की हालत अभी भी गंभीर

## आरोपी सिपाही पति को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** प्लॉट के विवाद में आग के हवाले होकर दिल्ली के निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही जीएनएम पारुल की हालत फिलहाल अभी बेहद नाजुक बनी हुई है। बुधवार को मजिस्ट्रेट व एसएसआई ने दिल्ली में अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज किए वहीं पुलिस ने पत्नी को जिंदा जलाने के मामले में आरोपी सिपाही पति देवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने सिपाही के खिलाफ दर्ज मुकदमे और गिरफ्तारी की रिपोर्ट डीआईजी व एडीजे कार्यालय भेज दी है। सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है जबकि मामले में अन्य आरोपी अभी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

**■ प्लॉट के विवाद में किया था आग के हवाले**

जानकारी के मुताबिक गजरौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला भानपुर खालसा निवासी वचन सिंह ने 13 साल पहले अपनी बेटी पारुल की शादी डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी देवेंद्र के साथ की थी। दामाद देवेंद्र यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में उसकी तैनाती बेरली परिक्षेत्र में चल रही है। बीते दिनों वह रामपुर जिले में तैनात था। वहीं पारुल स्वास्थ्य विभाग में जीएनएम है। उसकी तैनाती ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र इकौंदा में है। आरोप है कि पारुल के नाम एक प्लॉट है, पति व ससुराल वाले प्लॉट बेचने का दबाव बना रहे थे। जिसका पारुल विरोध कर रही थी। करीब डेढ़-दो साल से इस बात को लेकर विवाद चल रहा था। पारुल के भाई कपिल सिंह का आरोप है कि 26 अगस्त को ससुराल वालों ने पहले पारुल के साथ मारपीट की तथा बाद में जिंदा जलाने की नीयत से उसे आग के हवाले कर दिया। हमले में वह बुरी तरह झुलस गई। पड़ोसियों की सूचना पर जब तक मायके वाले पहुंचे तो आरोपी ससुराल वाले वहां से भाग चुके थे। लगभग प्रतिशत झुलसी पारुल उन्हें घर के आंगन में पड़ी हुई मिली। मायके वालों ने पहले उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। पुलिस ने पारुल के भाई कपिल की तहरीर पर सिपाही पति देवेंद्र, सोनू, गजेंद्र, अनीता, जितेंद्र और संतोष के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया है।

## तीन सफाई कर्मियों के वेतन पर रोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर तीन सफाई कर्मियों के वेतन पर रोक के आदेश दिये है। जबकि गौशाला में बीमार गोवंश के उचित उपचार का आदेश भी दिया गया। बुधवार को ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने मोहल्ला दानिशमंदान एंव पीरगढ़ में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तीन कर्मचारियों को अनपुस्थित पाया। जिस पर सफाई निरीक्षक को आदेश दिये कि जब तक इन कर्मचारियों के जिओटैग फोटो प्राप्त नहीं हो जाते उनका वेतन रोका जाये। नाली में सिल्ट न रहें इसके लिए नियमित सफाई करें। जलभराव की समस्या कहीं पैदा न हो। पालिका के वाहन द्वारा द्वारा कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। यहां के बाद ईओ कांठ रोड स्थित पालिका की गौशाला पहुंचे यहां 162 पशु संरक्षित हैं जिनमें से चार पशु कमजोर हालत में मिले। उन्होने संबंधित पशु चिकित्सक को मामले की सूचना देते पशुओं के उचित उपचार के आदेश भी पारित किये। साथ ही गौशाला में गौवंश में बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने को कहा।

## संकुल क्रिकेट प्रतियोगिता में छाए पियर्स चड्ढ़ा के बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** संकुल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर के पियर्स चड्ढ़ा इण्टर कॉलेज में किया गया, जिसमें 19 वर्ष की आयु वर्ग में विद्यालय के 4 एवं 17 वर्ष की आयु वर्ग में 12 बच्चे चयनित हुए। बुधवार को आयोजित संकुल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अण्डर-19 में मौ.कैफ, मौ.अजीम, मौ.समीर व मौ.अमान चयनित हुए, जबकि अण्डर-17 में गजनवी, ईस्माइल, लविश, मुसर्रफ, अर्श, वंश, अरमान, अनस, जुनैद, मनीष, दिव्य, विकास का चयन हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिली इस उपलब्धि पर उल्लास का माहौल है। खेल प्रशिक्षक संदीप यादव, राज बहादुर सिंह व मौ.हसीब सैफी ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले मुख्य सेविकाओं के चेहरे

## 34 को डीएम ने किया वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मुख्य सेविकाएं अपने कार्य को ईमानदारी से करें तथा सरकार की योजनाओं को बिना भेदभाव के साथ जनता तक पहुंचायें। कलेक्ट्रेट सभागार में 34 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं चलायी जा रही हैं उन्हें जनता तक पहुंचाने में मुख्य सेविकाओं की अहम जिम्मेदारी है। वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निवर्हन करें। विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के विकास कार्य किया जा रहा है। पात्रों व योग्य व्यक्ति को सभी योजनाओं को लाभ समय पर दिया जा रहा है। उन्होंने



कहा कि योग्यता को बनाये रखें तथा शासन की मंशा के अनुरूप जनसेवा का काम करें। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आम के हरे-भरे पेड़ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** माफियाओं ने रात के अंधेरे में आम के आधा दर्जन हरे-भरे पेड़ों को काटकर उजाड़ कर दिया। हसनपुर तहसील क्षेत्र में आम के हरे-भरे पेड़ों को काटे जाने का धंधा बदस्तूर तेजी के साथ जारी है। माफिया रात के अंधेरे में आम के हरे भरे पेड़ों पर आरा चला कर उन्हें नेस्ताबूत कर देते हैं। हसनपुर तहसील क्षेत्र आम की पट्टी के नाम से देश-विदेश में जाना जाता है। लेकिन जिस तेजी के साथ यहां पर आम के पेड़ों का कटान किया जा रहा है। यदि इस पर रोकथाम नहीं की गई तो हसनपुर तहसील क्षेत्र का आम के लिए केवल नाम ही बाकी रह जायेगा। बीती रात कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर में आधा दर्जन आम के हरे भरे पेड़ों को काट दिया गया। सुबह होने पर जब ग्रामीणों की बाग में हुए मैदान पर नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी। वन विभाग मामले की जांच करने में लगा हुआ है।

## बाइकें भिड़ीं, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बाइकों के टकराने के कारण युवक घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। नगर के संभल अड्डा अहमदपुर रोड निवासी नौशाद अली पुत्र गफ्फार खान बुधवार की दोपहर बाइक से गजरौला दिशा की ओर को जा रहा था। मनौटा चौकी के समीप सड़क पर जा रहे जुगाड़ू से पीछे चल रही बाइक टकरा गई। उसके पीछे नौशाद अली की बाइक टकरा गई। जिससे नौशाद अली बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिया। बताया जा रहा है की दूसरी बाइक पर सवार भी घायल हुए हैं। लेकिन उन्हें उपचार के लिए गजरौला दिशा की ओर को भेज दिया गया था।

## स्वास्थ्य शिविर में छात्र-छात्राओं का परीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा इकाई के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया, इसमें छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आए चिकित्सक डॉ. संगीता सिन्हा, डॉ. साजिद पासा, डॉ. पायल, डॉ. संगीता चौहान और उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार एवं स्वास्थ्य प्रभारी उमेश कुमार समेत स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# 29 तक करें गंगा सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा गंगा एवं उनकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरणीय पुनर्जीवन एवं जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु गंगा सम्मान पुरस्कार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं एवं संगठनों को सम्मानित करना है, जिन्होंने प्रदेश में गंगा एवं उनकी सहायक नदियों को स्वच्छता, संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस क्रम में प्रदेश के प्रत्येक जनपद से जिला गंगा समितियों को निर्धारित प्रारूप एवं

**■ राज्य स्वच्छ गंगा मिशन यूपी का प्रयास**

दिशा-निर्देशों के अनुसार उपयुक्त नामांकन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश, लखनऊ को 30 अगस्त 2025 तक उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु आवेदन करने वाले इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 29 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे तक अपना आवे. दन कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग में जमा कर सकते है, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा, प्राप्त आवेदनों में से एक श्रेष्ट उमीदवार का आवे. दन नामित कर, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को भेजा जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गंगा सम्मान पुरस्कार यिथा-श्रेष्ठ स्वयंसेवी संगठन, श्रेष्ठ पर्यावरणविद्, श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्था, श्रेष्ठ गंगा ग्राम प्रधान, श्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर की श्रेणी में दिए जाएंगे। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय प्रभागीय वो अधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग अमरोहा की जिला गंगा समिति शाखा से जानकारी प्राप्त कर सकते है। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने जनमानस से आवे. दन करने का आह्वान किया।

## मारपीट की घटना में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक को मारपीट करके घायल करने के आरोप में पुलिस ने दो नामजदों सहित चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी गिरफ्तार है। जानकारी के मुता. बिक फहीम पुत्र इस्लाम निवासी जलालनगर नई बस्ती अपने दो साथियों हारून व सलीम के साथ प्लॉट पर बैठा था, आरोप है कि उसके साथ शाबाज पुत्र सरफराज, सुल्तान पुत्र शान मौहम्मद समेत चार लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जमीन हड़पने को विधवा का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** विधवा के हिस्से में आने वाली जमीन को हड़पने के लिए देवर व ससुराल के लोगों ने उसे मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने विधवा को मेडिकल कराने के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया निवासी ओमवती देवी के पति शिवचरण की 6 महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। ओमवती के पास दो बच्चे भी हैं। ओमवती के हिस्से में दो बीघा जमीन आने वाली है। ससुराल पक्ष के लोग नहीं चाहते कि ओमवती के हिस्से में जमीन आये वह उसे छीन लेना चाहते हैं। इसी को देखते हुए देवर सुरेंद्र वह ससुराल के अन्य लोगों ने ओमवती की बुरी तरह से पिटाई करनी शुरू कर दी। ओमवती के सरिया सर में मार कर उसे लगन कर दिया। घायल अवस्था में विधवा ओमवती कोतवाली पहुंच गई। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि विधवा ओमवती के मायके में उसका मात्र 10 साल का भाई ही है। जिसके चलते ससुराल पक्ष के लोग उस पर जुल्म ज्यादती करते हैं।

## ग्रामीण ने की सड़क जाम, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** रहरा गाँव के निवासी राजू उर्फ तोता पुत्र देशराज ने अपने घर के सामने नाली का गंदा पानी जमा होने से नाराज होकर अलीगढ़-हसनपुर मार्ग पर रहरा में पौरारा मोड़ के पास 30 मिनट तक जाम लगा दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार राजू ने ग्राम प्रधान से कई बार नाली की सफाई और जल निकासी की समस्या को हल करने का अनुरोध किया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बात से आक्रोशित होकर, राजू ने विरोध प्रदर्शन का यह तरीका अपनाया। जाम के कारण गर्मी में दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है।

# रसूले खुदा की जिंदगी का हर गोशा हमारे के लिए नमूना

## पैगाम-ए-अमन कमेटी की ओर से जलसे का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पैगाम-ए-अमन कमेटी के संयोजन में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के 17 दिवसीय कार्यक्रम के तहत मंगलवार रात दूसरे जलसे का आयोजन मोहल्ला अफगनान स्थित मस्जिद में किया गया। जिसका आगाज तिलावते कुरआन से मौलवी मोहम्मद तलहा ने किया। इसके बाद मौलाना साद अमरोहवी, जुबैर इब्ने सैफी, मुफ्ती मोहम्मद असद, फहीम अमरोहवी आदि ने बारगाहे रिसालत नात शरीफ का नजराना पेश किया। मुफ्ती मुशाहिदुल इस्लाम ने आगे कहा कि कमोबेश 1500 साल पहले माहे रबी-उल-अव्वल की 12 तारीख को जब हर तरफ जुल्म-ओ-बर्बरियत का आलम था। एक-दूसरे के खून




की प्यासी दुनिया हर ऐतबार से गुम. राह हो चुकी थी। ऐसे वक्त में इंसा. नियत की रहनुमाई के लिए पैगंबरे आजम, ताजदारे कायनात, महबूबे परवरदिगार हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) दुनिया में तशरीफ लाए।आपने लोगों से फरमाया ऐ दुनिया वालों मैं किसी एक कबीले, खानदान, मुल्क का भला नहीं चाहता बल्कि मैं तो पूरी दुनिया-ए-इंसा. नियत की रहनुमाई के लिए अमन और रहमत का पैगाम लेकर आया हूं। मेरे रब ने मुझे पूरी इंसानी बिरादरी की हिदायत के लिए भेजा हैं। मै तुम्हे इंसानियत का भूला सबक याद दिलाने आया हूं। मैं तुम्हे अखलाक व हिकमत की तालीम देने आया हूं। आपने जो कुछ उस वक्त फरमाया उस पर अमल करके दिखाया। रसूले खुदा की जिंदगी का हर गोशा हमारे लिए बेहतरीन नमूना है। इस दौरान मंसूर अहमद एडवोकेट, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, अली इमाम रिजवी, मरगूब सिद्दीकी, कमर नकवी, मोहम्मद कासिम खान, शाहरुख खान एडवोकेट, फजले चौधरी, अखलद रिजवी, मोहम्मद अहमद जैदी, दिलशाद खान, सरकार आलम, इकराम हुसैन जैदी, फिरोज खान, मशारीब भाई, मोहम्मद साहिल, खलीफा माजिद, जफर अंसारी आदि मौजूद रहे। आखिर में जलसे के संयोजक शफीक अहमद गामा ने सभी का शुक्रिया अदा किया। अध्यक्षता शमशाद अहमद व संच. ालन हाजी खुर्शीद अनवर ने किया

# वकीलों व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान हो

## जिला टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राज्य कर कार्यालय अमरोहा बार रूम में जिला टैक्स बार एसोसिएशन अमरोहा द्वारा बार और बैंच मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें जिला टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा अधिकारियों से अधिवक्ताओं और व्यापारियों की समस्याओं को अवगत कराया गया हेज मे पंजीयन मिलने में आ रही दिक्कतों को अधिकारियों से दूर करने को कहा गया। डिप्टी कमिश्नर राज्य कर श्री महेश चंद जी द्वारा अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया गया कि ळैज् पंजीयन ाव सुलभ बनाया जाएगा। अधिवंताओं द्वारा कहा गया कि व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस न भेजे जाए और व्यापारियों को बिना वजह परेशान न किया जाए। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन द्वारा कार्यालय में ट्रांसफर होकर आए नए अधिकारियों का स्वागत किया गया। इस मीटिंग में ज्वाइंट कमिश्नर सचलदल मुरादाबाद तथा राज्य कर कार्यालय अमरोहा के सभी अधिकारी मौजूद रहे। अधिवक्ताओं में बार अध्यक्ष श्री मशकूरुल हसन एडवोकेट श्री पुनीत माथुर एडवोकेट श्री वसीम यूसुफ एडवोकेट श्री सैफुल हसन एडवोकेट श्री पंकज सक्सेना एडवोकेट श्री कपिल अग्रवाल, श्री जावेद खुर्शीद, श्री शिव कुमार माहेश्वरी, श्री विकास बाबू, श्री अरविंद यादव, श्री असद अहमद, श्री सफीउल्ला, श्री आता अब्बास, श्री आसिफ सुल्तान, अदील अब्बासी, फारूक, रविन्द्र कुमार, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चकरोड को कराया कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गांव दौलतपुर भूड़ शुमाली में जिस चकरोड (गाटा संख्या-9) पर लंबे समय से अवैध कब्जे के चलते हरी-भरी धान की फसल लहरा रही थी, वहां अब ग्रामीण निर्बाध होकर दौड़-भाग कर रहे हैं। बुधवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर से धान की फसल जुतवाकर चकरोड को कब्जा मुक्त करा दिया। इस कार्यवाही के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आखिरकार उन्हें उनका असली रास्ता वापस मिल गया।

## शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील सभागार में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की समीक्षा बैठक एसडीएम विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसडीएम ने राजस्वकर्मियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा स्पष्ट है जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण। जनता तहसील में उम्मीद के साथ आती है और अगर उसे समय पर न्याय न मिले तो शासन की मंशा पर पानी फिरता है।

# उप्र में बाढ़ से 22 जिलों में 2.52 लाख लोग प्रभावित

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और मवेशियों के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश के कारण उप्र के 22 जिलों के 700 से ज़ड़ादा गांव जलमग्न हो गए हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और मवेशियों के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मूसलाधाार बारिश के कारण हिमालय से निकलने वाली नदियां और छोटी नदियां उफान पर आ गईं।

बांधाों और बैराजों को भारी मात्रा में पानी छोड़ना पड़ा जिससे निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि फिलहाल 22 जिलों की 43 तहस.



ीलें और 768 गांव जलमग्न हैं। इससे 2.52 लाख लोग प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सहायता प्रदान की गई है और 33 हजार 370 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि 550 नावों के माध्यम से इन प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जा रही हैं। कुल 278 बाढ़ आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जिनमें तीन हजार 89 लोग रह रहे हैं। इन सभी की 586 टीमों द्वारा चिकित्सा जांच की जा रही है। इसके साथ ही, स्थिति पर नज़र रखने के लिए एक हजार 22 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। बाढ़ से प्रभावित 22 जिलों में वाराणसी, प्रयागराज, औरैया, बहराइच, बांदा, मिर्जापुर, कानपुर देहात, चंदौली, फतेहपुर, कानपुर नगर, बाराबंकी, बदायूं, फर्रुखाबाद, गोंडा, हरदोई, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं। गौरतलब है कि उत्तर भारत के बड़े हिस्से में मंगलवार को लगातार बारिश हुई जिससे हिमालयी क्षेत्र में भारी तबाही मची। भूस्खलन निचले इलाकों में पानी भर जाने और कई सड़कें और पुल बह गए।

### प्रयागराज में बाढ़ से निचले इलाकों की आबादी प्रभावित

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में बाघ का पानी अब निचले इलाकों में घुस गया है, जिससे कि वहां के लोगो को अब अपने सामानों के साथ बाड़ राहत शिविरों में जाना पड़ रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटा बघाघ, बेली कछार, राजापुर, के निचले इलाकों में पानी आ गया है,

जिससे वहां पर रहने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पघ रहा है। बता दे ,बीते 24 घंटे में गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 260 सेंटीमीटर और छतनाग में 104 सेंटीमीटर बढ़ा,जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 97 सेंटीमीटर बढ़ा है। गंगा नदी का पानी लगभग 11 सेंटीमीटर प्रति घंटा और यमुना नदी का पानी 4-5 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है,दोनों नदियां अभी डेंजर लेवल महज 84-734 मीटर के बमुश्किल एक मीटर नीचे बह रही हैं,सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से लगातार जलस्तर की मॉनीटरिंग की जा रही है।

# सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बेटी को जन्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उप्र में वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार युवती ने बेटी को जन्म दिया है। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के कई महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में कुल सात लोग आरोपी बनाए गए हैं। दिसंबर 2024 में कुछ मनबढ़ युवकों ने गन्ने के खेत में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी हिम्मतवाली है और वह दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्धा है।

उन्होंने कहा कि चार आरोपी अभी भी फरार हैं। पीड़िता ने कहा कि वह अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलाना चाहती है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई जारी रखेगी। उसने यह भी खुलासा किया कि आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया था। पीड़िता ने दृढ़ निश्चय जताया कि वह हर हाल में आरोपियों को सजा दिलवाएगी।

# देश के दिग्गज निवेशकों को भाया गोरखपुरः गीडा

**गोरखपुर।** उप्र के गोरखपुर में सरकार की प्रोत्साहनपरक नीतियों,कारोबारी सुगमता और शानदार कनेक्टिविटी से नामी कंपनियों के आने की होड़ सी लगी है। निवेशकों की डिमांड के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने न केवल लैंड बैंक समृद्धा किया है बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तो गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकार्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5800 करोघ रुपये के नए पूंजी निवेश के साथ 8500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गोरखपुर अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर भी चमक गया है। जिस जिले से उद्यमियों ने मुंह फेर लिया था।

# यूपीआईटीएस में पुरानी योजनाओं की दिखेंगी उपलब्धियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने जा रही है।

इस बार इस मेगा इवेंट का फोकस न सिर्फ पुरानी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने पर होगा, बल्कि साथ ही सरकार की ओर से कई नई स्कीम्स और नीतियों को भी यहां पर लॉन्च किया जा सकता है, ताकि निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान योगी सरकार के विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं और पिछले वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा।

इसमें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, गंगा एक्सप्रेस-वे, डिजिटल निवेश पोर्टल और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक निवेशकों और आगंतुकों को दिखाई जाएगी। वहीं, पूरी संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के मंच से सरकार नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स को लॉन्च कर सकती है। इसके साथ ही उद्यमियों के लिए इनोवेशन सपोर्ट, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं के विषय में भी घोषणा हो सकता है। योगी सरकार ने भारतीय दूतावासों और विदेशी मिशनों से इस आयोजन को प्रमोट करने का अनुरोधा किया है। इसके तहत होस्टेड बायर प्रोग्राम की जानकारी संबंधित देशों के प्रमुख खरीदारों, चैंबर्स और ट्रेड बॉडीज तक पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश और देश के अंदर भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। मेट्रो, एयरपोर्ट, बस स्टैंड और टीवी चैनलों के जरिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए यूपी की लोक. कला और धारोहर का रंगारंग प्रदर्शन भी किए जाने की तैयारी है। आयोजन की महत्ता बढ़ाने के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिनमें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, एमएसएमई मंत्री जितन राम मांझी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधाायक, अधिकारी एवं अन्य वीआईपी गेस्ट भी इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। विजिटर्स की मोबिलाइजेशन व्यवस्था आरडब्ल्यूए और संस्थानों के माध्यम से की जा रही है।

## एक नजर

### बकरी चराने गई नाबालिग बालिका की गला घोंट कर हत्या

**फिरोजाबाद।** उप्र में फिरोजाबाद जिले के रजावली क्षेत्र में बुधावार को खेत में बकरी चराने गई दस वर्षीय बालिका का शव बाजरा के खेत में बरामद हुआ है जिसकी रस्सी से गला घोट कर हत्या की गई है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के गांव गड़ी पांडे निवासी देवेन सिंह की पुत्री काजल (10) बुधावार सुबह खेत पर पिता के साथ बकरी चराने के लिए गई थी। पिता फिर से घर पर चले आए, बाद में लौट कर देखा तो बालिका उनको कहीं नजर नहीं आई। फोन करने पर भी उसका फोन नहीं उठा फिर फोन बंद आने लगा। उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। पुलिस को भी फोन किया गया। बाद में 112 नंबर पर फोन करने पर पीआरबी टीम पहुंची, तो उन्होंने बालिका के गायब होने की जानकारी दी। फिर जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित पुलिस अधाीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद कई स्थानों के पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। खेतों में बालिका की तलाश करने पर बाजरा के खेत में उसका शव बरामद किया गया जिसकी रस्सी से गला घोटकर कर हत्या की गई थी। बालिका की हत्या की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण हाईवे पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस की लापरवाही का आरोप लगा कर रास्ते को जाम किया गया। ग्रामीणों का कहना था कि लापरवाह थाना पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए । पुलिस अधिकारियों ने हत्या आरो. पियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाते हुए समझा कर जाम को खुलवा दिया। हत्या का सही कारण पता नहीं चल सका है। संभवत: आरोपी ने अपना पाप छुपाने के लिए दुष्कर्म के बाद रस्सी से गला घोटकर कर हत्या की है। संबंधित मामले में पुलिस अधाीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद का कहना है। घटना की जानकारी मिलने पर एस एसपी सहित सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। फॉरेंसिक टीम द्वारा भी साक्ष" एकत्रित किए गए हैं।

### देखभाल के अभाव में दो सगे भाइयों की मौत, बिसरा सुरक्षित

**लखनऊ।** लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र स्थित एक घर में देखभाल के अभाव में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नही है। जिसको देखते हुए मृतकों के बिसरा को सुरक्षित रखवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सहादतगंज थाना निवासी राजू (62) और रवि पाहवा (58) अमीनाबाद निवासी अपनी बहन को छोड़कर परिवार में अकेले थे। उनके माता-पिता और पत्नी का कोई अता-पता नहीं है। दोनों भाई पिछले एक हफ्ते से बीमार थे, लेकिन उनकी देखभाल के लिए कोई नहीं था। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों भाई बेहद साधाारण जीवन जीते थे और कूड़ा बीनकर अपनी आजीविका चलाते थे। पघेसियों ने बताया कि उनके घर से तेज बदबू आने की शिकायत के बाद पुलिस को को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा खोला और दोनों भाइयों के शव बरामद किए। प्रारंभिक जांच में शव कई दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस ने मृतकों की बहन को अमीनाबाद में सूचित किया।

# रोजगार के नाम पर युवाओं को युद्धाग्रस्त क्षेत्र में झोंकना चाहती है सरकारः अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर उन्हे युद्धाग्रस्त क्षेत्र में झोंकना चाहती है।

श्री राय ने सरकार की तरफ से आयोजित रोजगार महाकुंभ को लेकर कहा कि महाकुंभ में अभ्यर्थियों को इजरायल में नौकरी दिलाने की बात कह कर बुलाया गया है जबकि इजरायल एक युद्धाग्रस्त देश है वहां की मौजूदा स्थिति ठीक नहीं है। इसके बाद भी सरकार हमारे देश के युवाओं को युद्धा में झोंकना चाहती है। वह इन युवाओं के बेरोजगारी दूर करने की वजह उनके जीवन पर भी संकट खड़ा कर रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उप्र सरकार रोजगार देने में असफल है। खासतौर पर युवा बेरा. ेजगार हैं और निराश हैं। सरकार अपनी कमियों को छिपा के लिए तथाकथित रोजगार महाकुम्भ जैसे झूठे आयोजन कर रही है जहां युवाओं को सिर्फ छला जा रहा है।



उन्होंने कहा कि अव्यवस्था और संवेदनहीनता से भरे इस कुम्भ में बच्चों, युवाओं के सीवी और डिर्गियां कूडे के ढेर में मिल रही हैं। घोर अव्यवस्था का शिकार इस आयोजन में दूर-दूर से आए युवा को यह तक नहीं पता कि उनका क्या होगा। राय ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने भाषण में सिर्फ जुमला बांट रहे हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के मुताबिक 20 से 24 वर्ष के युवाओं के बीच श्रम बल भागीदीर दर लगातार गिर रहा है। यह एक बहुत ही निराशाजनक ट्रेंड है। इसका मतलब यह है कि युवा इतने निराश हो गए हैं बेरोजागारी से कि अब उन्होंने रोजगार मांगना छोघ दिया है। उप्र में युवाओं के बीच बेरोजगारी बघ्ती जा रही यह बात आईएलओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। न ही युवाओं को रोजगार दे पा रही है, न ही किसानों को खाद दे पा रही है, न लोगों को बीमारी से बचा पा रही है और न ही महिलाओं को सुरक्षा दे पा रही है। एक मुख्यमंत्री हैं जो आत्ममुग्धाता से बाहर नही आ पा रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सफाई के मामले में देश का तीसरा सबसे साफ शहर होने का दावा करने वाले लखनऊ में आज लोग गंदे पानी के कारण मर रहे है। एक फेरी करने वाले व्यक्ति जो पुराने सामान खरीद कर बेचता था जिसकी गंदे पानी की वजह से उसकी जान चली गई। जानकीपुरम जैसे एरिया में जहां नल से पानी आ रहा है उसमें सीवर का पानी आ रहा है। महत्वपूर्ण बात है कि जब मैं उनके घर गया तो परिवार के लोगों ने बताया कि जो उनके पिता जी का इलाज हुआ तो डायरिया का हुआ। जब बलरामपुर अस्पताल गए तो जब मरने का कारण डायबिटीज दिखाया गया। यह रक्षा मंत्री जी का क्षेत्र है। यूपी की राजधाानी है जहां वो डायरियां मरता है और उसे सुगर से मरने की बात कही जाती है। अजय राय कहा कि वही दूसरी तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर झूठी तस्वीरें दिखाकर ईनाम हासिल कर रही है।

# वाराणसी में हथियार तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उप्र में वाराणसी जिले के सारनाथ क्षेत्र में पुलिस ने बुधावार को एक मुठभेड़ में हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि 21 अगस्त को सारनाथ के बु(ा सिटी निवासी कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने सिंहपुर में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हत्या की साजिश रचने वाले से आज हथियार सप्लाई करने वाला बदमाश मुकीम पैसे लेने पहुंचा था। सूचना के आधाार पर वाराणसी आयुक्तालय की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)-1, एसओजी-2 और सारनाथ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाश ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से मुकीम घायल हो गया। इस मामले में अब तक मुकीम समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संपत्ति विवाद के कारण मृतक के किसी करीबी ने ही हत्या की साजिश रची थी। पुलिस जल्द ही इस मामले का पूरा खुलासा करेगी।

# 278 किलोग्राम चांदी पकड़ी, दो हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उप्र के वाराणसी जिले में आदमपुर पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह में बुधावार को गोलगढा चौराहे के पास काशी डिपो से दो युवकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 278 किला. ेग्राम चांदी बरामद किया। पुलिस के अनुसार चांदी की सिल्लियों को बोरियों में भरकर लखनऊ जाने की तैयारी में थे। पकड़े गए चांदी की कीमत तीन करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस द्वारा आयकर विभाग को सूचित कर दिया गया है। आगे कार्रवाई के लिये पूछताछ जारी है। पकड़े गए लोगों की पहचान चंदौली निवासी सौरभ और वाराणसी निवासी राजा सेठ के रूप में हुई है।

# दीक्षांत समारोह में एकेटीयू सात श्रेणियों में देगा स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में इनोवेशन और स्टार्टअप को बघवा देने के लिए आगामी नौ सितम्बर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिाक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को इस बार सात श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देगा।

यह अवार्ड राज्यपाल की तरफ उद्यमी छात्रों को दिया जाएगा। स्टार्टअप अवार्ड पाने के लिए छात्रों को दो सितंबर तक आवेदन करना होगा। विवि के कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में इस अवार्ड की परिकल्पना इनोवेशन हब ने की है। जिसके तहत सात विभिन्न श्रेणी में अवार्ड दिया जाएगा।

इसमें एक अवार्ड विमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड और तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड, चैथा एसिसिबिलिटी अवार्ड, पांचवां एग्रीकल्चर स्टार्टअप अवार्ड, छठां सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और सातवां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट विमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है। वहीं, बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवार्ड का चयन स्वास्थ्य, भारतीय भाषा, शिक्षा, जीवनशैली जैसे सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा। जबकि बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड इनोवेटिव पेटेंट तकनीकी विकसित कर वस्तुओं और सर्विस के क्षेत्र और डिजिटल मंच पर कार्य करने वाली स्टार्टअप कंपनी को मिलेगा। इसी तरह दिव्यांगों की सुविधा प्रदान करने वाले स्टार्टअप को एक्सिसबिलिटी अवार्ड दिया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में नवाचार, सहित अन्य नये स्टार्टअप को एग्रीकल्चर अवार्ड मिलेगा। जलवायु परिवर्तन, कूघ प्रबंधान, निन्योबल एनजी से जुघे स्टार्टअप को सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड दिया जाएगा।

# बहराइच में विवाहिता बच्चे के साथ नहर में कूदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी लौकिहा नहर में आज एक महिला अपने बच्चे के साथ कूद गई। काम पर जा रहे दो युवकों ने नदी से निकालकर महिला और बच्चे की जान बचाई। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत लौकिहा के ग्राम भयापुरवा निवासी साइदा (28) परिवारिक विवाद को लेकर पूर्वी लौकिहा पुल के पास अपने दो बच्चों वालीता (04) तथा खलीसा ढाई वर्ष के साथ गई और छोटी बेटी घ्लीसा के साथ नहर में कूद गई। इस बीच उसी रास्ते से काम पर जा रहे कोरियनपुरवा निवासी रामचन्दर तथा हरिश्चन्द्र ने नहर में कूदते हुए देखा और नदी में कूदकर दोनों की जान बचा ली। जिसके बाद मां और बेटी को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्साधीक्षक नलिन रजा ने बताया कि उपचार के बाद दोनों की स्थिति अब सामान्य है और खतरे से बाहर हैं। ग्राम प्रधाान प्रतिनिधिा लौकिहा गौतम गुजराती ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर सुबह महिला नहर में कूदी थी जिसे राहगीरों द्वारा बचा लिया गया है अब मां और बेटी ठीक हैं।

# फिराक गोरखपुरी को भारत रत्न देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं और संगठनों ने उर्दू के प्रसिद्धा शायर रघुपति सहाय उर्फ फिराक गोरखपुरी को भारत रत्न से नवाजे जाने की मांग की है। फिराक गोरखपुरी ने एक बार कहा था कि हासिंले जिन्दगी तो कुछ यादें हैं। याद रखना फिराक को यारों। लेकिन गोरखपुर अपने इस लोकप्रिय शायर को भूलता जा रहा है। फिराक साहब गोरखपुर में पैदा हुए, यहीं के हैं मगर अब इस शहर में उनका कुछ भी नहीं है। गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नं- 28 पर गोरखपुर में ज्यों ही बायें तरफ नीचे उतरिए तो एक सड़क रावत पाठशाला होते हुए घंटाघर की तरफ जाती है।

इसी पाठशाला के करीब वह लक्ष्मी भवन है जिसमें फिराक साहब ने आंखे खोली थी और यही रावत पाठशाला है जहां फिराक ने शिक्षा आरम्भ की थी। यह लक्ष्मी भवन उनके जिन्दगी में बिक गया था। फिराक के नाम पर इस शहर में न तो पार्क है और न ही भवन और न कोई शिक्षण संस्थान। बस एक चौराहे पर उनकी प्रतिमा लगी हुयी है जिससे लगता है कि शहर में इस शायर को कोई रिश्ता था। फिराक साहब 28 अगस्त 1896 में पैदा हुए थे और तीन मार्च 1982 को उनका स्वर्गवास हो गया था। उन्होंने आईसीएस की नौकरी को छोडकर और गांधी जी से प्रभावित होने के बाद आजादी की लडाई में भाग लिया। उनके पिता ईश्वरीय प्रसाद एक बडे वकील थे और पंडित जवाहर लाल नेहरू उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते थे। फिराक जी अपनी उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए इलाहाबाद भी गए। वहां आनन्द भवन के सम्पर्क में आए। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया तो घर की आर्थिक स्थिति बिगडने लगी। श्री नेहरू ने फिराक साहब को कांग्रेस कार्यालय का सचिव बना दिया लेकिन फिराक साहब को साहित्य की दुनिया में अपना नाम रोशन करना था इसीलिए साहित्य सृजन के क्रम को उन्होंने जारी रखां वह पहले कानपुर फिर आगरा के एक महाविद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता हो गए। अंग्रेजी भाषा का भरपूर ज्ञान, भारतीय संस्कृति साहित्य की अच्छी समझ, गीता के दर्शन और उर्दू भाषा के उनके लगाव ने फिराक को एक हिमालय बना दिया जहां विभिन्न दिशाओं से आने वाली धााराएं एक हो जाती हैं फिर फिराक सिर्फ गोरखपुर के नहीं बल्कि ग्लोबल हो जाते हैं। फिराक साहब ने उर्दू गजल को उस नाजुक वक्त में नयी जिन्दगी दी जब लग रहा था कि नारेबाजी और खेखली शायरी गजल की प्रासंगिगता को समापत कर देगी लेकिन फिराक ने इस गजल में आग हिन्दुस्तानी का दर्द भर दिया तभी वह कह सके कहां का दर्द भरा था, तेरे फंयसाने में फिराक दौड गई सह सी जमाने में। शिव का विषपान सुना होगा, मैं भी ऐ दोस्त रात पी गया आंसू इस दौर में जिन्दगी वसर की। बीमार की रात हो गई। फिराक साहब नू उर्दू साहित्य को उस जगह लाकर खडा कर दिया जहां दुनिया की दूसरी भाषाओं से वह काफी नजर आता है। वह आवाज जिसमें एक जादू था खामोश हो गई लेकिन फिराक ने जिस आवाज को मर मर कर पाला था, वह आवाज आज भी साहित्य की दुनिया में सुनायी दे रही है। फिराक साहब को ज्ञानपीठ समेत कई पुरस्कारों से नवाजा गया मगर पूर्वी उप्र के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. अजीज अहमद बताते हैं कि फिराक को भारत रत्न मिलना चाहिए और गोरखपुर स्थित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व. विद्यालय में उनके नाम पर एक शोधापीठ बनायी जानी चाहिए।

# राजेश्वर सिंह ने की सीएम से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ में सरोजिनी नगर सीट से भाजपा विधाायक राजेश्वर सिंह ने बुधावार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात कर अपने विधाानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और समस्याओं से अवगत कराया। राजेश्वर सिंह ने मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसके बारे में जानकारी दी।



अपने फ़ेसबुक अकाउंट पर उन्होंने लिखा कि सनातन संस्कृति के ज्योतिर्धार, तप, त्याग और अखंड पुरुषार्थ के साकार स्वरूप, राष्ट्र और धार्म को समर्पित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक, उप्र के यशस्वी मुख्यमंत्री श्रद्धोय योगी आदित्यनाथ जी से भेंटकर उनका आत्मीय आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेश्वर ने लिखा कि इस स्नेहिल भेंट के दौरान योगी जी को सरोजनीनगर में संचा. लित विकास कार्यों, मातृशक्ति एवं युवा सशक्तिकरण के संकल्पों, डिजिटल शिक्षा की क्रांतिकारी पहल तथा सांस्कृतिक नवजागरण की अभ्युदयकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में बरसात के समय उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या, नालों के अवरोधा एवं सड़कों पर गड्ढ़ों की स्थिति आदि के सम्बन्धा में नगर निगम तथा नगर विकास विभाग आदि की कार्यप्रणाली पर व्यापक समीक्षा कराकर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने का अनुरोधा किया। श्री सिंह ने लिखा है कि निर्माणाधाीन लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड हाईवे के निर्माण की गति को और तीव्र कराए जाने तथा निर्माण के दौरान स्थानीय निवा. सियों को होने वाली समस्याओं के प्रभावी समाधाान कराये जाने हेतु भी अनुरोधा किया। उन्होंने आगे लिखा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं उनकी अध्यक्षता में गठित एसईसीआर निश्चित ही लखनऊ सहित समीपवर्ती छह जनपदों में विकास के स्वर्णिम आयाम स्थापित करेगा।

# लापता यूट्यूबर का छठे दिन भी नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला चंद्राखर गोटिया निवासी अरविंद श्रीवास्तव वीते बुधवार की शाम को अपने स्वजनों को कार कार में सवार डलवाने की वात कहकर निकले थे देर शाम वह घर नहीं पहुंचे तो देर रात्रि कछला पुलिस चौकी के निकट कार पुलिस ने अज्ञात अवस्था में वरामद की थी कार में मिले मोवाआयल के आधार पर नाम पते की जानकारी होने पर पुलिस ने संबंधित पुलिस चौकी शहीद भगतसिंह पुलिस चौकी खेडा नवादा को सूचना दी थी पुलिस ने लापता युवक यूटूवर के घर सूचना दी सूचना मिलने पर स्वजनों ने थाने प्रियंका श्री वास्तव ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई दर्ज गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस युटुब की तलाश में जुट गई है चौकी प्रभारी ने वताया कि युटुब की गाड़ी में मिला।

मोबाइल में अन्तिम काल महिला युटुबर की मिली है और लापता युटुब ने महिला युटुबर की अंतिम काल को अपने मोबाइल से डिलीट कर दिया था मोबाइल गाड़ी से बरामद किया गया पुलिस ने महिला यटुबर से पूछतांछ की है महिला युटूवर के तीनों मोवाआयलो को कब्जे में लेकर उनके डाटा को खंगाला जा रहा है महिला यूटूवर के घर खड़ी लापता युवक की बीएमडब्ल्यू कार भी मंगवा ली गई है महिला यूटूवर को जिला ना छोडने की पुलिस द्वारा हिदायत दी गई है इस वात की क्षेत्र में व्यापक चर्चा वनी हुई है मामले की जांच कर रहे पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया उक्त मामले में कई की टीमें लगी हुई है कासगंज से लेकर गंगा की कटरी तक लापता युवक की तलाश में अधिकांश थानों पर नोटिस चस्पा किये गये है अलग-अलग एंगलों से जांच की जा रही है कुछ ही सालों ठेला मे लगाने वाला युवक कैसे वना करोड़पति यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है युवक तंत्र विद्या करने की खासी चर्चा बनी हुई है लेकिन युटुब के माता-पिता का रो रोकर वुरा हाल है लापता युटूवर के पिता आज भी आईस क्रीम का ठेला लगाते हैं।

# पुलिस ने बैंक शाखाओं में चलाया चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते बुधवार को स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी के निर्देशन में यहां के पुलिस उपनिरीक्षक महेश पाल सिंह यादव ने स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक व जिला सहकारी बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कर्मठी पुलिस उपनिरीक्षक महेश पाल सिंह यादव ने बैंक शाखाओं में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े आवश्यक रजिस्टरों का अवलोकन भी किया। साथ ही बैंक परिसर में मौजूद ग्राहकों से आवश्यक पूंछ ताँच की। इस दौरान पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार द्विवेदी, उप प्रबंधक शिवम् वर्मा, रजनीश कुमार यादव, खजांची अंकित पाल, रवि कुमार, लोन इंचार्ज देव रस्तोगी, प्रगति मिश्रा, कमीशन एजेंट प्रदीप कुमार सिंह व जिला सहक. ारी बैंक शाखा के प्रबंधक मूलचंद्र, खजांची अरविंद कुमार मिश्रा, अनिल कुमार व पी आर डी जवान छत्र पाल आदि मौजूद रहे। यह जानक. ारी पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार द्विवेदी ने दी।

# बाल कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** संस्कार भारती ने अपना तृतीय उत्सव कृष्ण जन्माष्टमी को बाल कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता के रूप में मनाया। कार्यक्रम का सेवानिवृत्त प्राचार्य कवि विजय सक्सेना, सरस्वती विद्यामन्दिर के प्राचार्य संजीव कुमार यादव एवं कृष्णा गुप्ता ने माँ भारती एवं भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संस्था के ध्येयगीत का गायन राम प्रकाश गुप्ता ( रामजी ) ने किया। प्रतियोगिता में अनेक कृष्ण रूप ने दर्शकों का मन मोह लिया। इन सब की छवि मेला के मंच पर आकर्षण बिखेर रही थी।प्रतियोगिता में प्रनीशा प्रथम, सूर्यांश द्वितीय व अंशिका तृतीय



स्थान पर रहीं। इस दौरान संगीतकार राज कुमार सक्सेना, गायक धर्मेन्द्र यादव ने भगवान कृष्ण के भजन गाये। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं अन्य समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि हर गोविन्द पाठक ( दीन ) ने किया। भगवान कृष्ण व भारत माता की आरती जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार भट्ट, अरुण गुप्ता, डॉ. रूपेन्द्र आर्य, कृष्ण जन्माष्टमी मेला कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, चन्द्र पाल गुप्ता, अभय वर्मा, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, देवमोहन, चन्द्र पाल शर्मा, गौरी पाठक, गोपेश्वर पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नगर में निकाली गई शोभा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडिया।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नगर में बहुत धूम धाम से भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सुंदर सुंदर झाकियों के साथ साथ राधा कृष्ण नृत्य शंकर पार्वती और शिव तांडव झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। गणेश चतुर्थी पर नगर में सुबह शाम चलने वाला मेला लगातार तीन दिनों तक रहेगा। आप इस मेले अच्छे अच्छे पकवान के साथ साथ बड़े बड़े झूले चलती हुई ट्रेन आदि चीजों का आनंद मेले में आकर ले सकते हैं। मेले की व्यवस्था बहुत सुंदर व्यवस्थित बनाई गई है। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर अध्यक्ष पति वैभव मिश्रा ने फीता काट कर किया। और सभी सम्मानित नगर वासियों को श्री गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर कमेटी अध्यक्ष सुरेश शंखधर, उपाध्याय नरदेव रस्तोगी,महाप्रबंधक राजकुमार दक्ष, कोषाध्यक्ष योगेश रस्तोगी, उपप्रबंधक जितेंद्र रस्तोगी, पंडाल संचालक शेखर शंखधरजी ,उपकोषअध्यक्ष आशीष रस्तोगी, व्यवस्थापक हरकेश गौड़, महामंत्री बनवारी लाल दक्ष , प्रबन्धक वीरेंद्र दक्ष, समाजसेवी टीटू रस्तोगी, मेला व्यवस्थापक मोहित गुप्ता, मंत्री अमित कुमार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष भाजपा प्रदीप गौड़ मेला व्यवस्थापक अशर्फी लाल दक्ष, मोती राम, रवि शर्मा, बंटी राणा आदि नगर की सम्मानित जनता का सहयोग रहा।

# गणपति बप्पा मोरया जयघोष के साथ विराजे मंगलमूर्ति श्री गणेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** भगवान श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर में भक्तिभाव और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्ला नझियाई में उमाशंकर शर्मा के आवास पर मंगल मूर्ति भगवान श्री गणेश विराजे एवं पूजा-अर्चना की गई।

वेदमंत्रों की गूंज और आरती की लयबद्ध ध्वनियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। यज्ञआचार्य गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्री गणेश चतुर्थी का पर्व जीवन में बाधाओं को दूर कर, मंगल करता है। गणपति बप्पा हमें सदैव सत्य, धर्म और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। जीवन में सकारात्मकता, श्रद्धा और एकता का संदेश देता है। विघ्नहर्ता श्री गणेश जी



का जन्मोत्सव हमें यह सिखाता है कि हर बाधा का समाधान धैर्य, विवेक और विश्वास से करें। गणपति बप्पा केवल आराध्य देव ही नहीं, बल्कि वे ज्ञान, बुद्धि, समृद्धि और सद्गुणों के प्रतीक हैं। गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के गगनभेदी जयघोष गूंजते रहे। पूजन के उपरांत भव्य आरती हुई। श्रद्धालुओं ने नृत्य और भजन-कीर्तन किए। मुख्य यजमान उमाशंकर शर्मा, रिंकू शर्मा, मोहित शर्मा, टिंकल शर्मा, इंद्रावती शर्मा, सुषमा शर्मा, नीलू शर्मा, जूही शर्मा, पुष्पा देवी शर्मा, चंचल कश्यप, वीरेन्द्र कश्यप, मंजू शर्मा और संजू शर्मा पूजन कर यज्ञ भगवान को लोक मंगल की कामना से विशेष आहुतियां समर्पित कीं। इस मौके पर शुशीला झा, दिव्या कश्यप, वंश कश्यप, गौरव कश्यप, अंश कश्यप, मोहिनी कश्यप आदि ने भजन कीर्तन किऐ। सभी ने मिलकर भगवान गणेश की आराधना की और नगर एवं देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बच्चों की उमंग, महिलाओं की सहभागिता और बुजुर्गों की आस्था ने इस पर्व को और भी भव्य बना दिया। वातावरण में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्वितीय संगम देखने को मिला।

# 5 दिवसीय कार्यक्रम में भाषा-गणित की बुनियादी दक्षताओं पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कोल्हाई में थ्स्छ और NCERT पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

निपुण भारत लक्ष्य के तहत शिक्षकों को शिक्षण कार्य में दक्ष बनाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में शिक्षकों को भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं से अवगत कराया गया। गतिविधि आधारित शिक्षण और सतत मूल्यांकन की जानकारी दी गई। ICT के प्रयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों को समूह कार्य और प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव कराया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन हुआ। संदर्भदाता के रूप में रावेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, संजय कुमार, आमोद कुमार और चेतन सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन सत्र में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिए गए। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों व मान्यता प्राप्त राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित ई0 वी0 एम0 व वी0 वी0 पी0 ए0 टी0 वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को दिखा। वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सीलो को चेक किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की गई व्यवस्थाओं से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि



ई0 वी0 एम0(इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वी0 वी0 पी0 ए0 टी0 (वोटर वैरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस में 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहता है तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक व त्रैमासिक आंतरिक व बाह्य निरीक्षण भी मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में किया जाता रहा है। उन्होंने उपस्थित पुलिस कार्मिकों को सजगता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने वहां प्रकाश व्यवस्था व साफ सफाई की व्यवस्था को भी जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 13 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधी/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ निर्देशानुक्रम में एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वारा 13 सितम्बर 2025 को जनपद बदायूँ में समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके कम में उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जनपद मुख्यालय एवं समस्त तहसीलों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित कराये गये प्रचार-वाहन को विवेक संगल, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा जनपद न्यायालय परिसर बदायूँ के गेट संख्या 2 से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर फराह मतलूब, माननीय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ, सुयश प्रकाश श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. (पी.ए.) एक्ट, बदायूँ, रिन्कू विशेष न्यायाधीश



(दस्यु प्रभावित क्षेत्र), बदायूँ, रेखा शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-2/ विशेष न्यायाधीश, गैंगस्टर एक्ट, बदायूँ, सौरभसैक्सेना, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-10, बदायूँ एवं मोहम्मद तौसीफ रजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बदायूँ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के समस्त कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मा0 उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा प्रेषित प्रचार-वाहन के माध्यम से आम जनमानस को 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जन उपलब्धियां के बारे में बताने एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये गये वादों का निस्तारण किया जा सके साथ ही वाहन प्रचार के माध्यम से जनपद की तहसील सहसवान, बिल्सी, बिसौली, दातागंज, सदर व जिला मुख्यालय पर दिनांक 27 व 28 अगस्त 2025 को प्रचार किया जायेगा।

# वजीरगंज में धूमधाम के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बा के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से 17 वीं भव्य श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव पर शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

श्री गणेश सेवा समिति वजीरगंज के तत्वाधान में धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह,व राहुल वार्ष्णेय, ने विधिवत रूप से किया। शोभायात्रा नगर के रोडबेज बस स्टैण्ड मुख्य मार्गो से बड़ी बाजार ,छोटी बाजार होली चौक से होती हुई एमएफ हाईवे मार्ग पर लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची।गणेश सेवा सामिति संस्थापक मुकुट बिहारी लाल ने वताया शोभायात्रा



में विभिन्न प्रकार की झांकिया वजीरगंज का काली अखाड़ा ,मुरादाबाद का महावली दरवार ,हयातनगर से शिव वरात ,वजीरगंज का वेताव बैंड आकर्षक का केन्द्र रही।नगर में जहां से भी शोभायात्रा गुजरी ,वहां पर श्रद्धालुओं ने छतों पर खड़े होकर पुष्पबर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।शाम 6:30 बजे प्रारंभ हुई शष्मोभायात्रा ने देर रात्रि तक नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भ्रमण किया।शोभायात्रा में शामिल झांकिया आकर्षक साज सज्जा से जगमगा रहीं थीं।शोभायात्रा देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी नगर को जगह- जहां से भी शोभायात्रा गुजरी, वहां श्रद्धालुओं ने छतों पर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शाम 6:30 बजे प्रारंभ हुई शोभायात्रा ने देर रात्रि तक नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भ्रमण किया।

शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षक साज-सज्जा से जगमगा रही थीं। शोभायात्रा देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस मौके अध्यक्ष शरद कुमार ,उपाध्यक्ष रितिक वाष्णेय,ऋषभ वाष्णेय ,महामंत्री निखिल वाष्णेय ,कोषाध्यक्ष आकाश वाष्णेय ,रिधि प्रताप सिंह ,अनुज सम्सेना ,राघव सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा ,नरेश गुत्ता,जेकी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान राजकीय डिग्री महाविद्यालय में संचालन हेतु गोष्ठी डॉ श्रद्धा गुप्ता प्राचार्या की अध्यक्षता में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ( एड्स ) डॉ विनेश कुमार ने कहा कि जनपद में एचआईवी, एड्स होने के चार कारण असुरक्षित यौन संबंध,एचआईवी ग्रस्त महिला से होने वाले उसके बच्चे, एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति का ब्लड दूसरे को चढ़ाने, एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति की सिरिंज से दूसरे को इंजेक्शन लगाने से फैलता है इसी प्रकार बच्चों को जागरूक किया गया। सुषमा सिंह ( पीपीटीसीटी) काउंसलर द्वारा बताया गया कि अगर कोई एचआईवी संक्रमित महिला है तो उसका प्रसव डॉक्टर की देखरेख में ही होनी चाहिए इसी तरह एसटीआई के बारे में संपूर्ण




जानकारी देते हुए।सभी को जागरूक किया गया। शनि दुबे प्रोग्राम मैनेजर लोक स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा बताया गया कि सही जानकारी ही सही बचाव है उनके संस्था द्वारा चल रहे प्रोग्राम जैसे एफएसडब्लू, एमएसएम, ड्रग यूजर्स जैसे उच्च जोखिम समूहों पे एचआईवी एड्स विषय पर जागरूक कर रोकथाम, जांच, बचाव, इलाज के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। सुद. ेश सक्सेना डीपीटीसी,एसटीएस द्वारा बताया गया की एचआईवी,एड्स से ग्रसित मरीजों में टीबी की बीमारी होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है इसलिए सभी एचआईवी वाले मरीजों की टीबी की जांच होना नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन रोहित सक्सेना एसएसके प्रोग्राम मैनेजर एवं हनी सक्सेना टीआई अकाउंटेंट एवं आकाश सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिक एवं शिक्षिका डॉ सतीश यादव ,डॉ राकेश कुमार जायसवाल ,डॉ ज्योति बिश्नोई डॉ संजय कुमार , डॉ प्रेमचंद्र , डॉ हुकुम सिंह एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# छात्र-छात्राओं को दी गयी मधुमेह रोग की जानकारी व बचाव के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में स्वाथ्य नोडल अधिकारी विपलव भारती के नेतृत्व में मधुमेह रोग से बचाव के लिए बच्चों में चीनी के स्तर का नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कि बच्चों में चीनी स्तर को नियंत्रित करने वाले तरीकों को अपनाना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन और प्रसंस्कृत मीठे खाद्य स्रोत आम तौर पर ग्लूकोस के स्तर को बढ़ा देते हैं इनसे बचने की कोशिश करना चाहिए जबकि फाइबर, प्रोटीन और स्वस्थ वसा युक्त अच्छा आहार ग्लूकोज को स्थिर रखता है। व्यायाम, साइकिल चलाना,और पैदल चलना मधुमेह डायबिटीज को नियंत्रित करता है। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा छात्रों को जानकारी प्रदान की गई कि भारत के प्रत्येक जनपद में व्यापक मधुमेह नियंत्रण केन्द्र एवं मधुमेह नियंत्रण देखभाल सुविधाओं को विकसित करना चाहिए और इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए पर्याप्त मधुमेह नियंत्रण विशेषज्ञ और अन्य मानव संसाधन विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम में रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा, प्रवीण मिश्रा,अश्वनी शर्मा,अनमोल शर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# कांग्रेस ने उझानी नगर में निकाली वोटर अधिकार यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पदयात्रा कांग्रेस के नगर कार्यालय निकट गौशाला से प्रारंभ होकर उझानी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमती ही अंबेडकर पार्क में इसका समापन हुआ। यात्रा से पहले संक्षिप्त सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा वर्तमान सत्ता अब वोटों की चोरी पर उतर आई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सबसे पहले कर्नाटक के महादेवपुरा सीट का छः महीनों की पड़ताल के बाद रहस्योद्घाटन किया 7 अगस्त को प्रेस वार्ता कर बीजेपी सरकार की सच्चाई जनता के सामने लाकर रख दी सरकार और भी चुनाव आयोग की मिली भगत से जनता अब भली बात परिचित हो चुकी है।

अपने हक अधिकार पर अब और ढाका नहीं डालने देगी बोर्ड चोरी करके बनी यह सरकार संवैधानिक है प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष चौधरी वफाती मिया ने कहा इस बीजेपी सरकार में आज किसान नौजवान व्यापारी मजदूर सभी परेशान हैं महंगा या आसमान छू रही है नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं बोर्ड चोरी करके बनी सरकार आंखें मूंदे हुए हैं उन्होंने कहा की राहुल गांधी जी ने इस पर खोज बीन की तो लगभग छः महीने लगे तब पूरे प्रकरण का भंडाफोड़ किया कि बीजेपी कैसे वोट चोरी करके सत्ता प्राप्त कर रही है।

अब बिहार में चुनाव हैं वहां वोट चेकिंग के नाम पर बहुत बड़े स्तर पर विपक्ष के वोट काट गए। जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह नगर अध्यक्ष रियासत अली ठेकेदार ने बताया कि किस तरह वोटों की हेरा फेरी की जा रही है- बीजेपी को चुनाव लड़ाने के नाम पर उनके हजारों कार्यकर्ता महीनों पहले डेरा डाल लेते हैं जिनकी व्यवस्था वहां की बीजेपी पार्टी के लोग करते हैं और इन लोगों के नाम फर्जी पते पर चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में जोड़ दिए जाते हैं, इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप सिंह एडवोकेट विधि विभाग के प्रदेश सचिव दीपक मिश्रा अरुण पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल कश्यप ने भी संबोधित करते हुए लोगों से अपील की सभी अपनी अपनी वोटर लिस्ट पर नजर बनाए रखें। इस मौके पर जिला महासचिव सलीम अंसारी जिला सचिव अहमद अमजदी प्रदेश सचिव सैयद जैबीर जैदी नवनीत यादव पूत्तम यादव सैयद नदीम उद्दीन रामू पांडे, विपिन शर्मा, प्रशांत शर्मा, वीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जगत सोन पाल, नसीरुद्दीन, धर्मवीर सिंह, मथुरा प्रसाद द्विवेदी , एन एस यू आई जिलाध्यक्ष अरबाज, गिरीश उपाध्याय, अखलाक, शक्ति सिंह, कार्तिक सिंह, प्रेम प्रकाश, जहीरूद्दीन, अमन खान, खलील अहमद, मुजाहिद, रामस्वरूप, शंकर लाल, बन्ने खां, नुसरत अलि, सुरेश सिंह, जाहिद, ममता वाल्मीकि, राजीव सिंह तोमर, जसवीर सिंह तोमर, छोटू, नरेश कुमार शाक्य, अमरनाथ यादव, मनीष देवी, हरिओम, नेम सिंह, जोगिंदर सिंह, फरमान, इदरीश सैफी, छोटेलाल कश्यप, नरेंद्र, राजीव लोचन, युगेंद्र पाल यादव, सतीश शर्मा, प्रेमपाल कश्यप, विद्या राम, मोरपाल प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, खान साहब, उदय भान सिंह, आकाश पाठक, मुजाहिद, अविनाश यादव, नरेश पाल यादलवशशांक राठौर, राम चंद्र, शिवम्, असुख, गौरव, विनोद कुमार, विपिन, सुरेश कश्यप, राजकुमार कश्यप, रामकिशोर कश्यप, विनोद पंडित, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने युवाओं को दिलाई सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तराई क्षेत्र के प्रदेश सचिव दानिश बाबा ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें युवाओं को संस्था की सदस्यता दिलाई गई। इस कार्यक्रम में शाही, मवई, पंडेरा शाहगढ़, बहेड़ी और शेरगढ़ के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सदस्यता ग्रहण समारोह गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस समारोह में युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की और हरा गमछा गले में डालकर अपनी सदस्यता दिलाई है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया, और संस्था की सदस्यता ग्रहण की। इससे युवाओं में संस्था के प्रति आकर्षण और विश्वास को देखा गया।

दानिश बाबा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संस्था के साथ जोड़ना और उन्हें समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित करना है। संस्था द्वारा युवाओं के लिए भविष्य में कई कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ा सकें, और समाज के लिए सकारात्मक योगदान कर सकें।

# हमें माफ कर दो बहनों...गलती हो गई

## बरेली में छेड़खानी के आरोपियों का हाल, गिड़गिड़ाते हुए मांगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत उर्स के कुल शरीफ के दौरान 20 अगस्त को शहर में बाइक से पीछा कर युवतियों और किशोरियों से छेड़खानी व अश्लीलता करने के आरोपी बदायूं के वजीरगंज निवासी आशिफ और शोएब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से बाइक भी मिली है। बुधवार को दोनों को न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपियों का वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों हवालात में गिड़ गिड़ाते दिखे। दोनों ने अपने कृत्य पर माफी मांगी।

सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि एक व्यक्ति ने 20 अगस्त को कैंट थाने में सूचना दी थी कि दो युवकों ने बाइक से पीछा करने के



बाद उनके बेटी से छेड़खानी और अश्लीलता की है। 20 अगस्त को ही आला हजरत के उर्स का कुल शरीफ के साथ समापन था। ऐसे में पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

एसएसपी अनुराग आर्य ने आरो. पियों को ट्रेस करने के लिए दो टीमों को लगाया। बाइक को ट्रैस करते-करते पुलिस बदायूं के वजी. रगंज तक पहुंची। मंगलवार को दोनों आरोपियों आशिफ और शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया। आरो. पियों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक भी मिली है। पूछताछ में दोनों युवकों ने घटना कबूल की है। कुल शरीफ के दिन दोनों ने शहर में अन्य स्थानों पर भी हुडदंग कर छेड़खानी की बात भी स्वीकार की है।

### साहब... हमें माफ कर दो, हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई

शोएब और आशिफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों लंगड़ाते हुए हवालात से निकल रहे हैं। दोनों हाथ जोड़कर लगातार एक ही बात दोहरा रहे हैं कि साहब हमें माफ कर दो। हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई। सभी लड़कियां हमारी बहनें हैं। हमें माफ कर दो बहनों हमसे गलती हो गई। अब ऐसी गलती कभी नहीं करेंगे। तेजी से वायरल हो रही इस वीडियो पर लोग तहत-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं।

## एक नजर

# दूसरे धर्म की युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में गयी दूसरे धर्म की एक युवती को कस्बे का मुस्लिम युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को जब उसका कोई पता नहीं चला तो युवती के पिता आरोपी के भाई से पूछताछ करने के लिए उसके घर गए तो उसने उनसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी, अब परिजनों को पुत्री के धर्म परिवर्तन की आशंका है। युवती की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने को थाना नवाबगंज में तहरीर दी है।

कस्बे में रहने वाली एक युवती 22 अगस्त को कस्बे में ही चल रहे एक धार्मिक आयोजन में गयी थी, इसी बीच कस्बे का ही एक मुस्लिम युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को जब उसका कोई पता नहीं मिला, जिसपर युवती के पिता आरा. पी से पूछताछ करने के लिए उसके घर गए गए तो उसने उनसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अब युवती के परिजनों को डर सता रहा है कि आरोपी उसका धर्मांतरण न करा दे। घटना की तहरीर युवती की मां की ओर से नवाबगंज पुलिस को दी गयी है।

# सेंथल का गौरव है मोहम्मद हैदर: कंबर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर पंचायत में सफाई नायक के पद पर नियुक्त रईस हैदर के युवा पुत्र मोहम्मद हैदर को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल इंटर नेशनल यूथ सेंटर हुसैनाबाद में हुई सीनियर स्टेट ताईक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिलने पर कस्बा वासियों ने जहां उनके निवास पर जाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया, वहीं उनके विद्यालय कैसीएम्टी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रिटहौरा के एमडी विनय कुमार खंडेलवाल व कॉलेज के अन्य स्टाफ ने अपने इस होनहार छात्र को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

इधर नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने छात्र मोहम्मद हैदर को कस्बे का गौरव बताते हुए सराहना की है।उन्होंने ने कहा है कि छात्र हैदर अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि मोहम्मद हैदर को प्रोत्साहन देने में वह सबसे अगली लाइन में होंगे। इसके अलावा इंडियन आईटीआई के चेयरमैन आमिर जैदी, एडवोकेट विकार अली, समाजसेवी ताहिर अली जैदी, एडवोकेट नवेद जैदी, अनुपम पंडित व अन्य अनेक लोगों ने छात्र मोहम्मद हैदर की सराहना करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी है।

# गणपति बप्पा मोरया के साथ घर-घर विराजे गजानन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री सुदामा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में प्रथम पूज्य माटी गणेश जी की शास्त्र सम्मत विधि से स्थापना कर उनका विधिवत पूजन अर्चन किया गया।

इसके अलावा नगर के विभिन्न परिवारों में भी गणेश जी स्थापित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक लेखराज मौर्य, राजा रस्तोगी, बबलू सैनी, राजेंद्र कश्यप, मुनीश जोशी, विहिप जिला मंत्री अभिनाश मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी, राजीव गुप्ता, राकेश गुप्ता, सभासद हरिशंकर मौर्य, आशीष देवल, अनुभव शर्मा, गणेश शर्मा, राकेश यादव, भगवान स्वरूप, रमेश गुप्ता, सेवाराम मौर्य, अनुज भारद्वाज, अर्जुन मौर्य व अन्य भक्तगणों द्वारा सहभागिता की गई।

# सांसद व डीएम ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ लोक भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य बहा. रन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा तथा डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, एसीएम द्वितीय विजय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित



अधिकारियों एवं नव चयनित अभ्यर्थियों द्वारा देखा और सुना गया। इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद बरेली से चयनित 37 मुख्य सेविकाओं को जनप्रतिनिधियों एवं डीएम द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इन मुख्य सेविकाओं को बाद में विभाग द्वारा जनपद आवंटन किया जायेगा। इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने सभी नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुये कहा कि 2005 के बाद आज 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति दी गयी है। 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक मुख्य सेविका कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित, सांस्कारिक बनाने की जिम्मेदारी आपको सौंपी गयी है। आपका बहुत बड़ा रोल लोकतंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में भी है। आप सभी से उम्मीद है कि मतदाता सूचीयों के पुनरीक्षण के कार्य में भी आप अपना योगदान देंगी।

# धार्मिक स्थल की बाउंड्रीवॉल को हटवाने को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक सप्ताह पहले क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में रातों रात बनाई गई ब्रह्मदेव स्लथ की बाउंड्रीवाल को हटवाए जाने के साथ ही शरारती तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर बुधवार को गांव के लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर के हलका दरोगा पर ब्रह्मदेव स्थल की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए गांव के मुवीन हसन, अफसर, इतवारी, वसरुद्दीन, नवी हसन, दिलशाद, नईम नूरी, सईद अहमद आदि ने डीएम अविनाश सिंह को सौंपे पत्र में बीती 20 अगस्त की रात में ग्राम के दूसरे समुदाय के कुछ शरारती तत्वों ने रात के अंधेरे में ब्रह्मदेव स्थल की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया था, इसकी सूचना रात में ही हलका दरोगा को दी गई, जिसने कार्यवाही



करने से साफ इंकार करते हुए डायल 112 को सूचना देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया था। बीती 30 जुलाई को भी गांव के शरारती तत्वों ने खुलेआम दीवार बनाए जाने का ऐलान किया था, जिसकी लिखित सूचना ग्राम के मुस्लिम समुदाय ने स्थानीय प्रशासन के साथ ही आला अधिकारियों को भी दी। लेकिन इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई, और 20 अगस्त की रात में ब्रह्मदेव स्थल की बाउंड्रीवाल का हलका दरोगा की मौजूदगी में निर्माण करा दिया गया था।

ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में जहां रातों रात बनाई गई बाउंड्रीवाल को तत्काल हटाए जाने, ग्राम में शान्ति व्यवस्था खराब करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने के साथ ही हलका दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# अब नन्हे मुन्नों को किताबों का बोझ नहीं, खेल-खेल में होगी पढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अब नन्हे मुन्ने बच्चों की शिक्षा में विशेष और बड़ा बदलाव शुरू हो गया है। अब तीन से छह साल तक के बच्चों को किताबों के बोझ से दूर खेल-खेल में पढ़ाई और संस्कार देने के लिए बाल वाटिका योजना लागू की गई है। बरेली जिले के 15 प्राथमिक विद्यालयों में आदर्श बाल वाटिकाओं की शुरुआत हो चुकी है। इन कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कहानियां, गीत-संगीत, खेलकूद और रचनात्मक गति. विधियों से जोड़ा जाएगा। योगी सरकार का उद्देश्य यह है कि बच्चे शिक्षा को बोझ नहीं बल्कि आनंद के रूप में अपनाएं, और जीवन के शुरुआती चरण में ही सही दिशा पा सकें।




योगी सरकार ने भारतीय परंपरा के संस्कारों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ते हुए यह पहल की है। यहां बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**बरेली के 15 विद्यालय बने आदर्श बाल वाटिका केंद्र, रंगीन कक्षाओं में खिलखिलाएंगे नन्हे सपने**

विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, और बच्चों की औपचारिक शिक्षा से पहले मजबूत नींव रखेगी। योगी सरकार का लक्ष्य है कि 2026 तक प्रदेश के हर विद्यालय में बाल वाटिका स्थापित की जाए। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि जीवना. पयोगी संस्कार भी देगी। यह उनकी आने वाली पढ़ाई और व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत बुनियाद बनेगी। इससे संस्कारों, संस्कृति, परंपराओं और तकनीक के साथ उनके व्यक्तित्व का विकास होगा।

### बरेली जिले के ये स्कूल बने आदर्श केंद्र

भुता ब्लॉक का अठाना प्राथमिक विद्यालय
बिथरी चैनपुर ब्लॉक का रूपापुर प्राथमिक विद्यालय
भोजीपुरा ब्लॉक का गोटिया मुड़िया हाफिज प्राथमिक विद्यालय
मझगवां ब्लॉक का चंदनपुर प्राथमिक विद्यालय
दमखोदा ब्लॉक का मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय
रामनगर ब्लॉक का लीलौर चाहरम प्राथमिक विद्यालय
भदपुरा ब्लॉक का अलहैया प्राथमिक विद्यालय
फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक का पटवाईया प्राथमिक विद्यालय
आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक का मिल्क प्राथमिक विद्यालय
क्यारा ब्लॉक का पीएम श्री विद्यालय (सिमरा बोरीपुर)
फरीदपुर ब्लॉक का हरेला प्राथमिक विद्यालय
शेरगढ़ ब्लॉक का डूंगरपुर प्राथमिक विद्यालय
नवाबगंज ब्लॉक का इनायतपुर प्राथमिक विद्यालय
मीरगंज ब्लॉक का चुराई दलपतपुर प्राथमिक विद्यालय
बहेड़ी ब्लॉक का हथमना प्राथमिक विद्यालय।


# सेवानिवृत कानूनगो उतरे राजनीति में, वार्ड 5 से लड़ेंगे जिला पंचायत सदस्य का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद अब हाजी बशीर अहमद राजनीति में अपनी किस्मत आजमाएंगे। वह क्षेत्र के वार्ड 5 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ेंगे।

क्षेत्र के गांव बढ़ेपुरा के रहने वाले हाजी बशीर अहमद कुछ साल पहले ही सरकारी सेवा के कानूनगो के पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने अब राजनीति में किस्मत आजमाने का फैसला किया है। उन्होंने वार्ड के ग्रामों रिछोला किफायतुल्ला, लभेड़ा उर्फ बुलंदनगर, हरहरपुर मटकली के साथ ही हाफिजगंज का दौरा कर मतदाताओं से संपर्क कर सहयोग मांगा।

सेवानिवृत कानूनगो हाजी बशीर



अहमद ने बताया कि उन्होंने जैसे ही सरकारी सेवा में रहते हुए लोगों की सेवा की थी, उसी तरह से वह अब अपने वार्ड के लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

# बरेली से सविता अंबेडकर का अनोखा रिश्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को जब 14 अप्रैल 1990 को भारत रत्न से अलंकृत किया गया, तो पूरे देश ने उनके संघर्ष और योगदान को नमन किया। उसी शख्सियत से जुड़ी एक खास स्मृति 30 मई 2003 को बरेली में दर्ज हुई, जब उनकी धर्मपत्नी डॉ. सविता अंबेडकर (माई अंबेडकर) यहां पहुंचीं। वह बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज हरित के परिवार के आमंत्रण पर आईं, और करीब 7 घंटे हरित निवास पर प्रवास किया। यह मुलाकात आज भी बरेली के इतिहास का एक यादगार अध्याय मानी जाती है।



सविता अंबेडकर अपनी सादगी और विन्रमता के लिए जानी जाती थीं। उस दिन भी उन्होंने सबका दिल अपनी सरलता से जीत लिया। उन्हें साधारण साड़ी पहनना पसंद था, और उनके प्रिय भोजन में दाल-चावल के साथ गुड़ शामिल था। हरित परिवार के साथ बिताए इन पलों में उन्होंने न केवल बाबा साहब के निजी जीवन के अनुभव साझा किए, बल्कि खुद के जीवन की झलक भी दी।

मनोज हरित बताते हैं कि सविता जी ने कहा था कि उन्होंने बाबा साहब से विवाह केवल इसलिए किया, क्योंकि उन्हें उनकी सेहत की चिंता रहती थी। बाबा साहब अक्सर अस्वस्थ रहते थे, और वह नहीं चाहती थीं कि वह अकेले कष्ट उठाएँ। उनकी सेवा और देखभाल करने के लिए ही विवाह का निर्णय लिया। हालांकि उनका परिवार बाबा साहब और उनके परिवार से संबंध नहीं रखना चाहता था। सविता जी ने आगे कहा कि मैं अनुसूचित जाति के सभी लोगों को बाबा साहब का ही परिवार मानती हूँ। उनके शब्दों से झलकता था कि बाबा साहब का जीवन और उनका संघर्ष केवल कघनून की किताबों में नहीं, बल्कि उनके परिवार के दिल और आत्मा में भी रचा-बसा था।

मनोज हरित उन्हें याद करते हुए यह भी कहते हैं कि सविता जी ने उस दिन बाबा साहब की शांत और अनुशासित जीवन शैली के कई किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कि बाबा साहब अपने अनुशासन और नियमप्रियता के लिए जाने जाते थे, और जीवन भर सरलता को ही महत्व देते रहे। मनोज हरित ने यही भी बताया कि उनकी मां ने मौसम में कुछ ठंडक होने पर माई को एक शॉल गिफ्ट की थी, जिसे वह बरेली से लखनऊ जाते हुए अपने साथ ले गईं। आज भी उनके परिवार ने यादों के तौर पर उन्होंने जिस कप में चाय पी, और जिन वर्तनों में खाना खाया, उन्हें आज भी सुरक्षित रखा है। ताकि उनकी अगली पीढ़ी भी बाबा साहब के परिवार से देश और समाज के प्रति समपर्ण को याद रखें। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय अखबारों ने उस समय इस आगमन को प्रमुखता से छापा था। बरेली और हरित परिवार के लिए सविता अंबेडकर का यह प्रवास केवल एक मुलाकघत नहीं, बल्कि इतिहास का ऐसा पन्ना बन गया, जो आज भी भावुक कर देता है।

# देशभर में फैला मजीद का नेटवर्क, आरोपियों के 21 बैंक खाते मिले

- बरेली धर्मांतरण केस
- विदेशी फंडिंग की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** छांगुर गिरोह की तर्ज पर बरेली में काम कर रहे अब्दुल मजीद के गिरोह को पाकिस्तान समेत अन्य देशों से फंडिंग की आशंका में पुलिस व एजेंसियां अलर्ट पर हैं, लेकिन भविष्य में जांच से स्थिति और स्पष्ट होने की बात अधिकारी कह रहे हैं। मजीद के तीन और पत्नी के दो खातों में 13 लाख रुपये से ज्यादा का लेनदेन है। पकड़े गए चारों आरोपियों के कुल 21 बैंक खाते मिले हैं।

भुता क्षेत्र में पकड़े गए अब्दुल मजीद के गिरोह का यूं तो बलरामपुर में धर्म परिवर्तन गैंग चलाने वाले छांगुर बाबा से कोई सीधा मतलब नहीं निकला है, हालांकि अधिकारी भविष्य की जांच में कनेक्शन निकलने की आशंका से इन्कार भी नहीं कर रहे हैं।

शहर में कट्टरवादी हैदरी दल की गतिविधियां पहले ही सामने आ चुकी हैं, उसमें भी मदरसा और धर्मस्थलों से जुड़े लोग सक्रिय थे।

मजीद के गिरोह की खासियत ये है कि इसके सदस्यों ने सोशल मीडिया पर कई ग्रुप बना रखे थे। इनमें धार्मिक कट्टरपंथी जाकिर नाइक व अन्य आधुनिक सोच के



मुस्लिम विद्वानों के ऑडियो व वीडियो शेयर किए जाते थे। मुस्लिम झुकाव वाले हिंदू लेखकों व विद्वानों का साहित्य डाला जाता था।

साथ ही समुदाय विशेष की लड़कियों के फोटो व वीडियो डाले जाते थे। ग्रुप में शामिल हिंदू लोगों से चौट कराई जाती थी। सभी आरो. पियों के मोबाइल कब्जे में लेकर यह डाटा पुलिस ने सुरक्षित कर लिया है। इनकी कॉल डिटेल निक. ाली जा रही है।

### दर्जी का काम करने वाले सलमान के 12 खाते

मजीद के तीन और पत्नी के दो खातों में 13 लाख रुपये से ज्यादा का लेनदेन है। दर्जी का काम करने वाले सलमान के 12 खाते मिले हैं जिनमें से छह उसकी पत्नी के हैं। इनमें उसकी हैसियत से कहीं ज्यादा रकम मिली है। आरिफ व फहीम के दो-दो खाते मिले हैं जिनकी जांच जारी है। पत्रकार वार्ता के दौरान जिले में तैनात दो एएसपी आईपीएस अधिकारी शिवम आशुतोष व सोनाली मिश्रा भी मौजूद रहीं।

**धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में गिरोह ऐसे चुनता था शिकार**

**तलाकशुदा या पारिवारिक कलह से परेशान लोग।**

**अकेले रहने वाले या सामा. जिक रूप से कटे हुए लोग।**

**भावनात्मक और मानसिक प्रभाव डालना**

**मूल धर्म को समस्या की जड़ के रूप में प्रस्तुत करना।**

**जाकिर नाइक की वीडियो और ऑडियो सामग्री तथा पाकिस्तानी धर्मगुरु जैसे ईआर मिर्जा की वीडियो से प्रभावित करना।**

### लालच देने का तरीका

आर्थिक मदद (नकद, मोबाइल, खाना, कपड़े)। नौकरी या शादी का प्रलोभन।

### बैंक खातों व नंबरों की हो रही जांच

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि गिरोह के सदस्यों खासकर अब्दुल मजीद ने देश के कई राज्यों की यात्रा की। उसकी विदेश यात्रा का कोई ब्योरा फिलहाल नहीं मिला है। उसके व गिरोह के सदस्यों के बैंक खातों व मोबा. इल नंबरों की जांच की जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। नए आरोपी चिह्नित हुए तो उनकी भी धरपकड़ की जाएगी। विदेशी फंडिंग या कनेक्शन की अभी पुष्टि नहीं है लेकिन जांच अभी जारी है।

**धर्म परिवर्तन का उद्देश्य**

परिवार व समाज से दूरी बनाने की सलाह।

धार्मिक रीति-रिवाज।

धार्मिक प्रचार सामग्री

जाकिर नाइक के वीडियो क्लिप, ऑडियो फाइलें और धर्म से संबंधित पुस्तकें।

**आर्थिक दस्तावेज**

नकद रकम, मोबाइल फोन, और शादी के वादे से संबंधित कागजात।

**धार्मिक संसाधन**

ताबीज, नमाज पढ़ने के लिए किताबें और अन्य धार्मिक वस्तुएं, हरे रंग की माला।

**संदिग्ध डिजिटल सामिग्री**

मोबाइल फोन और लैपटॉप में धार्मिक वीडियो, सोशल मीडिया चौट और संपर्क विवरण।

गिरोह के सदस्यों के परिचय-पत्र और संपर्क नंबर

गिरोह से जुड़े व्यक्तियों के नाम, फोन नंबर, और सोशल नेटवर्किंग लिंक।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को डीएम अविनाश सिंह व डीपीओ मोनिका राणा के निर्देशानुसार रिंकी सैनी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर हरविंदर कौर जेंडर स्पेशलिस्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा ब्लॉक भुता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों के माता-पिता को उनके जन्म होने की बधाई दी गई, साथ ही केक काटकर मिठाई वितरण कर खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम में बच्चियों को बेबी क्लॉथ किट दी गई, तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में बच्चियों के माता-पिता को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रकाश चंद्र, अपनेश गंगवार स्टाफ नर्स, सौरभ सक्सेना बीसीपीएम उपस्थित रहे।



समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हाउस टैक्स व वाटर टैक्स बढ़ाने पर व्यापारियों का नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व व्यापारी साथी एकत्र होकर नगर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने जोरदार नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन ज्वॉइन मजिस्ट्रेट को सौंपा।

इस पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पूरे नगर रामपुर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना लगभग बढ़ा दिया गया है और अंधाधुंध नोटिस जारी नगर पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा बढ़ाया गया हाउस ट्रैक्स व वॉटर टैक्स समाप्त नहीं कराया गया है। जबकि व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर हो रहे। जुल्म व अत्याचार को रोकने हेतु आवाज बुलन्द की जा रही है।

आम जनता व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले हैं उद्योगों व लघु उद्योगों पर भी भारी भरकम टैक्स वसूलने की तैयारी चल रही है। जबकि रामपुर शहर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से अधिक पिछड़ा शहर है यहां से रोजगार के अभाव में 40 प्रतिशत जनता यहां से दूसरे प्रदेशों अन्य देशों पलायन कर चुके हैं हाउस टाइप का वॉटर टैक्स के 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर में त्राहि-त्राहि मच गई है। चारों ओर इस टैक्स से कोहराम मच गया है जनता में अब नगर पालिका परिषद की दहशत जनता के दिल में बैठ गई है। जनता का रोते-रोते बुरा हाल है जबकि संज्ञान में आया है कि गाजियाबाद नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के सभी के सहयोग से नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड की बैठक में टैक्स बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है।



इस अवसर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ,जिला सचिव फईम अहमद, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव ,ओम प्रकाश, शाहिद खुसरो, इमरान खान, मेराज हुसैन, कन्हैया लाल पटवा, शादाब खान, मंसूर खान, फैसल अली, गोपाल शर्मा, बाबू खान,अब्दुल कादिर आदि सैकडो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पट्टी कला के स्टोन क्रेशर से केबिल चोरी के मामले में तीन आरोपी माल सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पट्टी कला स्थित एक स्टोन क्रेशर से केबिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे केबिल भी बरामद की है। केबिल बरामद करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। चौकी क्षेत्र के पट्टी कला में सुपर इंडिया स्टोन क्रेशर से दो दिन पूर्व 150 मीटर केबील टू फेस और थ्री फेस सिक्स एमएम चोरी कर ली गई थी। इस मामले की भनक जब स्टोन क्रेशर में कार्यरत कर्मचारियों को लगी तो उन्होंने हड़कंप मच गया और वह इधर-उधर केवल को तलाशने लगे बताते हैं कि तलाशी के दौरान सुल्तानपुर पट्टी के भूरा नमक कबाड़ी के यहां केवल बरामद की गई। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने सूचना के आधार पर सुल्तानपुर पट्टी के मोहल्ला श्याम नगर इरफान पुत्र एहसान अली मोहल्ला श्याम नगर वार्ड नंबर पांच कासम अली पुत्र कलुआ निवासी घोसीपुरा उस्मान उर्फ भूरा पुत्र हकीमुल्लाह मोहल्ला श्याम नगर सुल्तानपुर पट्टी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की। पूछताछ के दौरान चोरी हुआ केबिल कबाड़ी की दुकान से बरामद किया गया। पुलिस ने केबिल सील कर चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया और तीनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है वहीं पुलिस ने भी चोरी का खुलासा होने पर राहत की सांस ली है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की तीनों आरोपियों को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।



# अस्थायी अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन और व्यापारियों के बीच चली मैराथन बैठक

**लहसुन और मिर्च की साप्ताहिक मंडी से लग जाता है जाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन और व्यापारियों के बीच हुई मीटिंग में नगर पंचायत के अस्थाई अतिक्रमण को लेकर चर्चा की गई और जाम की स्थिति पर भी विचार व्यक्त किया गया। बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा और व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल गुप्ता समेत तमाम दुकानदार शामिल रहे। बैठक में बुधवार और रविवार को काशीपुर मार्ग पर लगने वाली लहसुन मिर्च की साप्ताहिक बाजार के कारण लगने वाले जाम को लेकर भी चर्चा की गई और बाजार को नगर पंचायत के किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई। शुक्रवार की साप्ताहिक बाजार को भी कम जगह होने के कारण किसी अन्य जगहों पर स्थानांतरित करने की मांग की गई। नगर पंचायत प्रशासन दुकानदारों से नाले के स्लिप के आगे सामान रखने को लेकर आपत्ति जताई और अस्थाई अतिक्रमण न करने की हिदायत की। और इसके अलावा नगर की प्रमुख समस्याओं पर भी दुकानदारों और नगर पंचायत प्रशासन के बीच बातचीत होती रही। देर शाम तक चली इस बैठक में दुकानदारों से दुकान के सामने सामान ना रखने के लिए नगर पंचायत प्रशासन में आग्रह किया और अस्थाई अतिक्रमण न करने की हिदायत की। नगर पंचायत प्रशासन ने व्यापारियों से शीघ्र ही आस्थाई अतिक्रमण अभियान हटाने के लिए मुहिम चलाने का अभियान भी बताया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल गुप्ता सभासद बृजनंदन सिंह सागर, इरशाद अहमद सिद्दीकी, सुभाष सागर अमित सक्सेना,डाक्टर योगराज, नाजिर हुसैन, आरिफ हुसैन, सुमित यादव अनिल दिवाकर, गणपत चंद्र वसीम अहमद पारस गुप्ता, आदि शामिल रहे।



# युवती के साथ अश्लील हरकतें करते आरोपी को परिजनों पकड़ पुलिस को सौंपा, पास्को एक्ट का भी एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में एक युवक द्वारा दूसरे धर्म की युवती के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करते युवती के परिजनों पकड़ कर पुलिस को सौंपा वहीं पुलिस द्वारा पास्को एक्ट का नफर वांछित अभियुक्त व एक पब्लिक द्वारा थाने पर लाये गये अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार द्वारा आज एक नफर पब्लिक द्वारा लाये गये अभियुक्त अमन सिद्धीकी पुत्र शाहिद अली निवासी मौ.अस्दुल्लापुर कस्वा व थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.स. 382/25 धारा 333/352/351(3)/126(2)/75(2)/78 बीएनएस व 3/5(1) धर्म प्रतिषेध अधि. को थाना पर पुलिस द्वारा समय 00.10 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। एवं एक नफर वांछित अभियुक्त मनीष पुत्र विक्रम सिहं यादव निवासी ग्राम लौकी की मढिया अहमदनगर थैगा थाना सिविल लाईन रामपुर हाल किराये का मकान पानी की टंकी के पास आगापुर रोड ज्वालानगर थाना सिविल लाईन रामपुर उम्र करीब 21 वर्ष सम्बन्धित मु.अ.सं. 370/25 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व धारा 3 /4 पोक्सो एक्ट को समय करीब 8 बजे कारण गिरफ्तारी बताकर नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुरशरण कौर पत्नी अनूप सिह निवासी मौहल्ला अस्दुल्लापुर थाना मिलक जनपद मय हमराही अमरजीत सिह पुत्र श्री हरजीत सिह निवासी मौ. अस्दुल्लापुर थाना मिलक राम्पुर आदि द्वारा मय हिरासत शुदा एक नफर अभियुक्त अमन सिद्धीकी पुत्र शाहिद अली निवासी मौ. अस्दुल्लापुर कस्वा व थाना मिलक जनपद रामपुर ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा अभियुक्त अमन सिद्दीकी उपरोक्त द्वारा मेरी पुत्री जसमीत कौर को कुछ दिनो से लगातार परेशान करने व घर में घुसकर गाली गलोच करना व जान से मारने की धमकी देना व धर्मपरिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देने व 26 अगस्त को वादिनी की पुत्री को अभियुक्त द्वारा रास्ते में घेर लेना व तमंचे के बल पर अश्लील हरकते करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु.अ.सं. 382/25 धारा 333/352/351(3)/126(2)/75(2)/78 बीएनएस व 3/5(1) धर्म प्रतिषेध अधि. बनाम अमन सिद्धीकी पंजीकृत किया गया है। एवं वांछित अभियुक्त के सम्बन्ध में वादी प्रीतम सिंह पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम दुगनपुर थाना मिलक जनपद रामपुर की दाखिला तहरीर के आधार पर बाबत खुद की पुत्री नेहा उम्र 17 वर्ष 18 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चले जाने के सम्बन्ध में मु.अ.सं. 370/25 अन्तर्गत धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार शुदा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# ईओ ने नगर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी जी और लेखा लिपिक शुभम भारती के साथ प्रात: 5:00 बजे से साढ़े नो बजे तक सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि वे गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने लोगों से बातचीत की और पूछा कि उनके यहां कौन सफाई कर्मी आता है और किस समय कूड़ा उठाया जाता है। उन्होंने अपने कर्मचारियों से कहा कि वे कूड़ा उठाने के दौरान ही गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करें और कूड़ा गाड़ी में डालें।

अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों से कहा कि कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए।

इसके बाद ईओ ने झंडा चौक का निरीक्षण किया। वहां पर कुछ लाइटें खराब पाई गईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी प्रकट की और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी को तत्काल प्रभाव से उन लाइटों और फव्वारे को सही कराने के आदेश दिए। इसके अलावा ईओ ने देखा कि कुछ जगहों पर बरसात के कारण घास बढ़ गई थी। उन्होंने सफाई नायक को तत्काल प्रभाव से उसे कटवाने के आदेश दिए।



# बड़े शिव मंदिर पर भगवान गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को नगर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में नगर में स्थित बड़े शिव मंदिर पर भगवान गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई।इस दौरान वैदिक पूजन पाठ के साथ स्थापना वाली मूर्ति विसर्जन की यात्रा 4सितम्बर गुरुवार को स्वार नगर में निकाली जाएंगी इस दौरान जगदीश सरन गुप्ता, कृष्ण लाल चन्द्रा, महेन्द्र सैनी,सूरज चन्द्रा, मुकुल प्रजापति,चन्दन,प्रशांत शर्मा, मोंटू शर्मा, आलोक वर्मा, कैलाश, मनीष, वतन,सुमित सागर आदि मौजूद रहे।

# डीएम एवं एसपी ने भैयानगला ग्राम के पहुंच मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद के ग्राम भैयानगला स्थित पहुंच मार्ग पर आयी बाढ़ के दृष्टिगत जनपद के प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की शीघ्र मरम्मत/पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही भविष्य में संभावित बाढ़ के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आवागमन बाधित न हो और नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम भैयानगला एवं आस-पास के ग्रामवासियों के लिए यह पहुंच मार्ग न केवल कृषि कार्य बल्कि दैनिक आवागमन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसका दीर्घकालिक समाधान अति आवश्यक है।



# सैफनी में श्री गणेश चतुर्थी के पर्व पर श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में बुधवार में भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी को शिवालय मंदिर में महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सनातन संस्कार गुरुकुल के आचार्य विवेक वशिष्ठ ने वेद मंत्रों द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की श्री गणेश सेवक मित्र मंडल द्वारा स्वर्गीय रामकिशोर रस्तोगी बाबू जी के आवास से श्री गणेश शोभायात्रा शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिवालय मंदिर में गणेश मूर्ति की स्थापना की गई। जिसमें उपस्थित राजेश रस्तोगी,राजीव रस्तोगी, प्रवीण जोशी, पंकज शर्मा,नितेश शर्मा,सौरभ रस्तोगी,अंकित रस्तोगी,आर्यन रस्तोगी,नमन रस्तोगी,प्रेमकुमार जोशी,राजकुमार श्रीवास्तव,आकाश सक्सेना सहित समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

# जीवित महिला को कागजों में दिखाया मृत

**अब अपने को जीवित दिखाने लिये अधिकारियों के दफ्तरों के काट रही है चक्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पेंशन दफ्तर मे जिन्दा महिला को मृत घोषित कर उसकी चार साल से पेंशन बन्द कर दी गई। पेंशन न मिलने से परेशान महिला विकास भवन पेंशन दफ्तर पहुंची तब उसे बताया गया कि यह महिला तो मर चुकी है।

यह बात सुनकर उसके होश उड़ गये उसने वहां पर मौजूद लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन महिला की पेंशन बहाल नही की गईघ। अब महिला अपने आपको जीवित दिखाने के लिए अधिकारियो के दफ्तर के चक्कर काट रही है जिससे कि महिला की रुकी हुई पेंशन वापस मिल सके। लेकिन कोई अधिकारी महिला की सुनने को तैयार नही है।

क्षेत्र के गांव खोद कला की बुजुर्ग महिला मुनव्वर जहां पत्नी अब्दुल हमीद को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया है, जिससे पिछले चार वर्षों से उनकी विधवा पेंशन रुकी हुई है।

गरीबी और अकेलेपन से जूझ रही है मुनव्वर जहां मेहनत-मजदूरी कर जैसे-तैसे अपना घर का गुजारा चलाती है।



बताया गया है कि सरकारी सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अज्ञात कारणों से उन्हें कागजों में सत्यापन करने वाले ने महिला को मृत दिखा दिया गया। जबकि वे आज भी जीवित हैं और अधिकारियों के दफ्तरों मे अपने आप को जीवित दिखाने के लिए लगातार अधिकारियो के दफ्तर के चक्कर काट रही हैं।

मुनव्वर जहाँ ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों में गुहार लगाई लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया। इस विषय में जब मौजूदा ग्राम प्रधान हामिद अंसारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी लेकिन अब वह पूरी कोशिश करेंगे कि मुनव्वर जहां को उनकी रुकी हुई पेंशन का लाभ जल्दी से जल्द दिलाया जाए ताकि वह अपना और अपनी सेहत का ख्याल रख सकें।

# पुलिस ने दो नफर वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पुलिस द्वारा दो नफर वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा दो नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोतियो में गण नरेश पुत्र विष्णु देव उर्फ विश्व देव निवासी रौरा कला थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित बाद संख्या 716/19 मु.अ.सं. 54/14 धारा 279/337/338 भादवि सम्बन्धित मा.न्यायालय एसीजेएम एसडी-2 रामपुर और प्यारेलाल पुत्र ढांकन लाल निवासी ग्राम ज्योराह थाना मिलक रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 739/24 धारा 125(3 ) सीआरपीसी चालानी थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित कुटुम्ब न्यायालय रामपुर को गिरफ्तार कर मा. न्यायाल रामपुर भेजा गया।

# नो एन्ट्री में धड़ल्ले से दौड़ रही मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली

**प्रशासन की ओर से नहीं हो रही कोई कार्रवाई**


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से दोड़ रही है इनके खिलाफ न तो पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और ना ही राजस्व विभाग कोई कार्रवाई करता है।

पुलिस और राजस्व विभाग जेसे आंखें बन्द कर बैठे हुए है इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की पुलिस व राजस्व प्रशासन हिम्मत नही जुटा पा रहा है। बिना किसी रोक टोक के यह ट्रैक्टर ट्राली चालक नगर सहित क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर मिट्टी का कारोबार बड़े पैमाने पर कर रहे है पुलिस व राजस्व विभाग इन मिट्टी का खनन कर ला रही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर रहा है। यह ट्रैक्टर ट्रालियां ओवर लोड मिट्टी भर कर नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से मेन मार्केट से निकलती है यह मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रालियां रोड पर मिट्टी गिराती हुई निकल जाती है जिसकी वजह से दुकानदारों का दुकानों में बैठना दुश्वार हो रहा है। इन ट्रालियों से गिरने वाली मिट्टी दूसरे वाहनों की हवा से उड़कर दुकानों मे घुस जाती है जिसकी वजह से दुकानदारों का दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है।



# अज्ञात चोरों ने किया लाखों के माल पर हाथ साफ, दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया ललवारा निवासी यूसुफ पुत्र भूरा मंगलवार की रात को अपने घर की छत पर अपने परिवार के साथ सोया हुआ था।

लगभग रात 2 बजे के आसघ्पास अज्ञात चोर दीवार फांद कर घर में घुस गये। और अज्ञात चोरों ने घर के कमरे का ताला तोडकर कमरे मे रखे 19 हजार रुपए नकद और एक जोड़ी सोने के कंगन और एक जोड़ी सोने की वाली सहित लाखों का माल चुरा ले गए।गृह स्वामी की नीद से आंख खुली तो घर में किसी के होने की आहट हुई तब बह आवाज देता हुआ नीचे आया तो अज्ञात चोर अन्धेरे का फायदा उठा कर दीवार फांद कर भाग गये।

पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सत्ताधरियों के दबाव में हैं उपजिलाधिकारी : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि आनंद कुमार कनौजिया उपजिलाधिकारी मिलक सत्ताधारियों के दबाव के चलते सरकारी सार्वजनिक रास्तों को कब्जा मुक्त कराने में विफल दिखाई दे रहे हैं। आदेश शंखधार ने बताया कि हमारे द्वारा दो समस्याओं के सम्बन्ध में 02 अगस्त को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मिलक में जिलाधिकारी को पत्र दिया गया था उनका समाधान करने हेतु तत्काल जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी मिलक को निर्देशित किया गया था लेकिन उपजिलाधिकारी मिलक द्वारा आज 25 दिनों के बाद भी समाधान नहीं कराया गया है।

इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि उपजिलाधिकारी मिलक सत्ताधारियों से सरकारी सार्वजनिक रास्तों को कब्जा मुक्त कराने में विफल हैं और वह जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन भी नहीं कर रहे हैं।

आज एक पत्र भेजकर 05 सितम्बर तक समाधान करने का आग्रह किया गया है अन्यथा कि स्थिति में उपजिलाधिकारी मिलक का विरोध करने की बात कही गई है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे तीन पुत्र हैं मौ.आलिम, नाजिम, समीर पाशा सबसे छोटा पुत्र समीर पाशा गलत संगत में पड़ गया है जो मेरा ध्यान भी नहीं रखता है।जिसे गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है।

**खुर्शीद जहां पत्नी स्व. मौ.उमर निवासी ग्राम मुकरमपुर थाना व तहसील स्वार जनपद रामपुर।**

# एसएसआई की धमकी से परेशान किसान ने जान दी

## साले की अन्त्येष्टि में गया था थाना केलादेवी के गांव निबौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। रहरा थाना क्षेत्र के ग्राम खैलिया पट्टी निवासी छोटे लाल 26 अगस्त को सम्भल जनपद के केलादेवी थाना क्षेत्र के निबौरा गांव में अपने साले की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गया था।निबौरा गांव में छोटे लाल ने मजाक में रिश्ते के साले सूरज के मुंह पर मेंथा तेल लगा दिया था जिससे सूरज के चेहरे पर जलन हो गई।इसी बात को लेकर छोटे लाल व सूरज में गाली गलौज व मारपीट हो गई थी।मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने बीच-बचाव करके मामला रफा-दफा कर दिया था। लेकिन आज सूरज केलादेवी थाना पहुंच गया तथा छोटे लाल के विरुद्ध शिकायती पत्र दे दिया।



वुद्धवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे एस एस आई थाना केलादेवी के नाम से छोटे लाल के बेटे डी पी के नम्बर पर फोन आया जिसमें एस एस आई ने कहा कि जान बचानी है तो एक घंटे के भीतर केला देवी थाने आ जा वरना गंभीर धाराओं में मुक. दमा लिखा जा रहा है। उक्त बात डी पी ने अपने पिता को खेत पर काम कर रहे अपने पिता छोटे लाल को बताई। छोटे लाल ने डी पी से कहा कि तू घर जा मैं आ रहा हूं। एक घंटे इंतजार करने के बाद जब भी पी पुन: खेत पर पहुंचा तो छोटे लाल अपने खेत में खेत पर ही बकायन के पेड पर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। छोटे लाल को देखकर डी पी की चुके निकल गई तथा शोर मचाने पड़ोस में काम कर रहे ग्रामीणों ने छोटे लाल को पेड़ से नीचे उतारा तथा स्थानीय चिकित्सक को उपचार के लिए दिखाया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी शीला देवी, पुत्र डी पी व सोनू तथा विवाहित पुत्रियां गीता व पुष्पा है। थाना प्रभारी रहरा अतरवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी



रहरा। किसान की मौत पर विलाप करते परिजन।

# जमीन बेचने के नाम पर 25 लाख ठगे

## दो सगे भाईयों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पलौला गांव निवासी पीड़ित मोहम्मद इदरीश ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही दो सगे भाई इमरान व फरहान ने मोहम्मद इदरीश से बहन की शादी के लिए 25 लाख रुपए उधार मांगे थे द्य और वादा किया था कि या तो रकम लौटा देंगे या अपनी भूमि बेचकर भुगतान करेंगे। पीड़ित ने 15 अप्रैल 2024 को तीन गवाहों की मौजूदगी में 25 लाख रुपये दिए थे। कुछ समय बाद जब रुपये वापस मांगे गए तो इमरान व फरहान ने लगभग 5.5 बीघा भूमि का एग्रीमेंट करवाया और 12 लाख रुपये पीड़ित के खाते में ट्रांसफर करने की बात कही।पीड़ित का आरोप है कि समय बीत जाने पर भी आरोपीगण ने हिसाब साफ नहीं कियाद्य बल्कि धोखे से अपनी भूमि कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम कर दी। जब इसका विरोध किया गया तो आरोपियों ने पीड़ित और उसके बेटे को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित मोहम्मद इदरीश की तहरीर पर गांव के ही दो सगे भाइयों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# पिता-पुत्र समेत चार को चार-चार साल की जेल

## मारपीट का 16 साल पुराना मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट के 16 साल पुराने मुकदमे में अदालत ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई है। दोषियों पर 46 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

31 मई 2019 की घटना सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हसनगढ़ की थी। गांव निवासी छिद्दू को रतिराम ने बेटे तेजपाल, चंद्रपाल व भाई छत्रपाल के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया था। तहरीर के आधार पर मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में चल रही थी। एपीओ दीनदयाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली का अवलो. कन किया। साक्ष्यों के आधार पर रति. राम, तेजपाल, चंद्रपाल व छत्रपाल को दोषी माना। चारों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 46 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# विवाहिता की तेजाब पिलाकर हत्या

## छह माह पूर्व हुई थी शादी, पति समेत सात पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। छह महीने पहले हुई शादी के अगले दिन से ही ससुराल में दहेज प्रताड़ना का शिकार हुई विवा. हता की मुरादाबाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। 24 घंटे पूर्व मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर तेजाब पिलाने का आरोप लगाते हुए पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी मृतका पर दहेज में क्रेटा व दस लाख रुपये दिलाने का दबाव बना रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, मुकदमे में अगली कार्रवाई को लेकर परिजनों से संपर्क किया गया है।

मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव नगला वनवीर निवासी किसान फुरकान ने अपनी बेटी गुलफिजा की शादी डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा के रहने वाले परवेज के साथ 20 फरवरी 2025 को की थी। आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही आरोपी गुलफिजा पर दहेज में 10 लाख रुपये व क्रेटा दिलाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि प्रताड़ना के बीच बीती 11 अगस्त को आरो. पियों ने गुलफिजा को जबरन तेजाब पिलाकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता का तभी से डिडौली स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। डिडौली पुलिस ने मामले में किसान फुरकान की तहरीर पर मंगलवार को पति परवेज के अलावा आसिम, गुलिस्ता, मोनिश, सैफ, डा. भूरा व बब्बू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मायके पक्ष लोग दहेज पीड़िता गुलफिजा का उपचार करा रहे थे, बुधवार को उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने विवाहिता गुलफिजा की मौत होने की पुष्टि की। बताया कि मामले पोस्टमार्टम के बाद आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा तरमीम किया जाएगा। मृतका के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

# व्यापारी नेता के खाते से उड़ाए 88 हजार

## रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साइबर ठगी का शिकार हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मामला डिडौली थाना क्षेत्र के ढकिया चमन गांव का है। ढकिया चमन गांव निवासी व्यापारी सुरक्षा फोरम के संरक्षक और एस.ए. इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम व डेयरी डिडौली संचालक शाहे आलम के खाते से साइबर अपराधियों ने 88 हजार 400 रुपये उड़ा लिए।पीड़ित का अमरोहा स्थित एक्सीस बैंक में खाता हैद्य जिसमें कुल 88,411 रुपये जमा थे। रविवार को ठगों ने बिना किसी ओटीपी या लिंक के उनके खाते से 88,400 रुपये उड़ा लिए। सोमवार को जब उन्होंने भुगतान के लिए बैलेंस चेक किया तो खाते में केवल 11 रुपये शेष मिले।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और डिडौली कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर सौंपी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रकम वापस दिलाने और ठगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# युवती की बरामदगी को कोतवाली घेरी

## चार दिन पहले हुई थी फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। फरार युवती की बरामदगी को लेकर ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव किया है। युवती को जल्द बरामद करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा से शनिवार को एक युवक दूसरी बिरादरी की युवती को बहला फुसला कर ले गया था। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ परिजन कोतवाली पहुंच गये। परिजनों एवं ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव करते हुए युवती को जल्द बरामद किये जाने की मांग उठाई। परिजनों ने बताया कि युवती को गये हुए 4 दिन बीत चुके हैं। लेकिन पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि पुलिस ने फरार हुई युवती को जल्द बरामद नहीं किया तो वह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। शनिवार को गांव बाईखेड़ा युवक दूसरी बिरादरी की युवती को लेकर फरार हो गया था। इस मामले को लेकर गांव में लगातार पंचायते भी चल रही हैं। बताया जाता है कि इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप भी जारी हो रहा है। इस अवसर पर भीम आर्मी के पूर्व अध्यक्ष मोनू सागर, चमन, शंकर, भूप सिंह, विजयपाल, संजय, बाबूराम, चंद्रसेन, नरेश, शेर सिंह, मुन्ना सिंह, रामनिवास, जयपाल, प्रेम, रो. हित, कलुवा आदि मौजूद थे।

# किशोरी के अपहरण में युवक को चार साल की सजा

## कोर्ट ने 15 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी के इरादे से किशोरी का अपहरण करने के मामले में अदालत ने संभल के युवक को चार साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामला गजरौला थाने से जुड़ा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 15 वर्षीय बेटी 19 जनवरी 2025 की दोपहर अचानक घर से लापता हो गई। बाद में पता चला था कि उसे संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रुकमुद्दीन सराय निवासी कासिम शादी के इरादे से अपहरण कर ले गया है। किशोरी घर में रखे एक लाख रुपये के अलावा सोने-चांदी की जेवरात भी अपने साथ ले गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी कासिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाद में गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। किशोरी को भी बरामद कर लिया था। फिलहाल कासिम जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में चल रही थी। विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी के मुताबिक मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने कासिम को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## एक नजर

### तबस्सुम का मुख्य सेविका के लिए चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। नगर के मुहल्ला सादात की तबस्सुम जैहरा का उत्तर प्रदेश बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आने वाली मुख्य सेविका के पद पर चयन हुआ है यह परीक्षा उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई जाती है, उत्तर प्रदेश मे यह भर्ती दो दशकों के बाद की गई है तबस्सुम जैहरा की सफलता से पूरे मुहल्ले व नगर मे खुशी का माहौल है बता दें कि तबस्सुम जैहरा काफी सालों से सरकारी सेवा पाने के लिए संघर्ष कर रही थीं और बहुत मेहनती थी।

### हस्ताक्षर अभियान एक सितम्बर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि एक से दस सितम्बर तक बाजारों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा तथा लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। बिजनौर रोड स्थित एक होटल में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसमें संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक किया जायेगा इसके लिए पम्पलेट भी बांटे जायेंगे। इस मौके पर गौरव अग्रवाल, रविराज सरन, निरूपम चौहान, राकेश वर्मा, रमेश कलाल, हरीश चौधरी, अवनीश त्यागी, पुनीत, विशाल गोयल आदि मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याएं दूर करे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया**। एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि अधिकांश पार्टियां देश व प्रदेश के अंदर जातिवाद फैला रही हैं। हाइवे किनारे एक बैंकेट हाल में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ पोपाल भैया ने जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी की सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलने वाले उपकरण लगातार महंगे होते जा रहे हैं। खाद के दाम आसमान पर हैं। कई कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा। उन्होंने किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग की। बैठक में केएन ओझा, विनोद, सरोज, अजय सिंह, बलवीर, शिवाजी, विभिषण चौधरी, कपिल, मोहित, गुरेन्द्र, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता, ढवारसी**। भगवान शंकर के पुत्र गणेश जी का पर्व गणेश चतुर्थी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई।इस अवसर पर शोभायात्रा में डीजे की भक्तिमय धुनों व गणेश जी प्रतिमा तथा अन्य देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। ढवारसी के बिजलीघर वाले शिव मंदिर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने गणेश जी पूजा अर्चना की तथा शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा बिजलीघर से आरम्भ होकर बस स्टैंड, पुलिस चौकी,शनि बाजार, आदमपुर चौराहा, मौहल्ला होली वाला,मंडी समिति, मौहल्ला महादेव तथा पुराने शिव मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापित कर समाप्त हो गई। शोभायात्रा में नन्दी पर विराजमान शिव जी,राधा कृष्ण,काली का अखाड़ा, नृत्य करते भालू, भगवान राम लक्ष्मण सीता,शंकर पार्वती व गंगा जी की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में आदित्य त्यागी,प्रमोद त्यागी,अंकुर अग्रवाल, राजीव गोयल,राहुल त्यागी, राजकुमार सिंघल, जितेंद्र शुक्ला, मोंटी त्यागी,ऋतिक सिंघल, सोनू भाटी , सुधांशु सक्सेना,लवी त्यागी आदि मौजूद रहे

### जोया टोल प्लाजा बंद किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भाकियू संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप जोया टोल प्लाजा को बंद कराने की मांग की। डिप्टी कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में उन्होंने कहा कि जोया टोल प्लाजा अवैध रूप से चल रहा है। नियमानुसार दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए। जबकि गांव जमापुर में जो टोल प्लाजा है उसकी गढ़ टोल प्लाजा से दूरी मात्र 37 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री भी कई बार आदेश दे चुके हैं। यदि टोल प्लाजा बंद नही किया गया तो कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

### समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भाकियू लोकशक्ति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज किसानों की समस्याएं दूर करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने गौतमबुद्धनगर में पानी की बर्बादी पर रोक लगाने की मांग की। भूमि अधिग्रहण के तहत बीस प्रतिशत जमीन किसानों उपयोग के लिए दी जाये। जिस तारीख पर जमीन पर कब्जा हो उसी समय मुआवजा दिया जाये। जिला सोनभद्र के गांव भैंसवार में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को रोका जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष एचए गफ्फारी, राजपाल चौहान, ब्रहमपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, उसमान चौधरी, आबिद अली, सलमान मलिक, मोहम्मद बिलाल, जहीर, मंगू सिंह, इंतजार अहमद आदि शामिल रहे।

# गणेश चतुर्थी पर घरों में विराजमान हुए गणपति

## श्रद्धा के साथ भक्तों ने किया भगवान गणेश का गुणगान, लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गणेश चतुर्थी पर भक्तों ने भगवान गणेश को पूरी श्रद्धा के साथ विरा. जमान किया। उनकी पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि व यश की कामना की। मंदि. रों में गणपति बप्पा मौर्या की गूंज दूर तक सुनाई दी।

देवों में सर्व प्रथम पूजनीय देव भगवान गणेश की चतुर्थी पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ थी। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान गणेश की स्तुति की तथा उनसे परिवार की सुख समृद्धि व यश की कामना की। हर कोई गणपति बप्पा को मनाने में लगा था। उन्हें घरों में विराजमान किया गया। सुबह व सांय उनकी स्तुति कर लडडुओं का भोग



लगाया गया। अपने माता पिता के आशीर्वाद के कारण हर शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश का ही पूजन किया जाता है। इस कारण भक्तों में उनके प्रति अपार श्रद्धा है। जो भी सच्चे मन से उनकी पूजा अर्चना करता है उस परिवार के सारे दुख दर्द भगवान गणेश दूर कर अपना आशीर्वाद देते है। मान्यत यह भी है कि किसी भी शुभ काम को करने से पहले भगवान गणेश की प्रार्थना करने से वह काम स्वयं की सिद्ध हो जाता है। बुद्धवार को

**लडडुओं का भोग लगाकर की सुख समृद्धि की कामना**

जगह-जगह गणेश उत्सव की धूम दिखाई दे रही थी। मंदिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किये तथा प्रभु से आशीर्वाद लिया। इसके अलावा बाजारों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल रही। लोगों को आकर्षित करने के लिये एक से बढ़कर एक मूर्ति से बाजार सजा था। जिन्हें खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने सांय के समय भगवान गणेश की प्रतिमा के सम्मुख दीपक जलाया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के काला कुआं स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर, कोट स्थित रियासत वाला मंदिर, गंगा मंदिर आदि में सारा दिन भक्तों का तांता लगा रहा। सभी अपने स्तर से गणपति बप्पा को मनाने में लगे थे। उधर नगर के मौहल्ला बेगम सराय में श्रीगणेश उत्सव मंडल द्वारा इस मौके पर शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमे सजी झांकियों ने सभी का दिल जीत लिया। डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों से सारा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा सांय के समय कलाकारों द्वारा गणपति बप्पा का गुणगान किया गया। जिसे सुनकर सभी भक्त पूरी तरह भगवान गणेश की भक्ति में डूबे रहे।

# नुमाइश मेले पर रोक लगाने की मांग

## सभासदों ने अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पंचायत जोया के सभासदों ने अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंप नुमाइश पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने ईओ व बड़े बाबू पर गबन का आरोप भी लगाया है।

बुधवार को नगर पंचायत जोया के सभासद अपर आयुक्त मुरादाबाद सर्वेश कुमार गुप्ता से मिले तथा ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि साप्ताहिक बाजार में छड़ी मेले का आयोजन कई वर्षो से किया जा रहा है। परन्तु साप्ताहिक बाजार के ठेकेदारों द्वारा अधिशासी अधिकारी व बड़े बाबू से साठगांठ कर रात्रि में लगभग 40 दिन का नुमाइश मेले का आयोजन शुरू कर दिया है। सभासदों का आरोप है कि ठेका 21 लाख रूपये में हुआ है। परन्तु अभी तक यह राशि राजकीय कोष में जमा नहीं की गयी है। जबकि कोई भी प्रस्ताव नगर पंचायत की बैठक में पास नहीं हुआ। यहां लगे झूले हादसे को दावत दे रहे हैं। जबकि मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौजूद नहीं रहती। खुलेआम यहां जुआ खिलाया जाता है। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद वाजिद, भूरा, वीरवती सैनी, रफी, मंगेश, अशरफी बेगम आदि शामिल थीं।

## पुलिस ने हंगामा काट रहे नशेड़ी को पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र में एक शराबी युवक ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। युवक ने नशे की हालत में हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर प्लास्टिक का पाइप डालकर रास्ता रोक दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क पर अचानक जाम लगने से राहगीर और वाहन चालक परेशान हो गये। घटना की सूचना मिलते ही रहरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक को सड़क से हटाया और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस युवक को थाने ले गई।जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवक नशे में था। जिसके कारण उसने यह हरकत की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया। जिससे लोगों को राहत मिली

# गिल-रोहित वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

● **बल्लेबाजों की रैंकिंग में हेड एक स्थान उपर चढ़कर 11वें पर, मार्श चार पायदान पहुंचकर 44वें स्थान पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नवीनतम जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा सात विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

# अहमदाबाद बनेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का दावेदार

● **कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने की मंजूरी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। साथ ही मेजबानी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी। (एचसीए) से संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटी और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी भी ली जाएगी। 72 देशों के एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे। इसमें बड़ी संख्या में एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक, मीडियाकर्मी आदि शामिल होंगे जो खेलों के दौरान भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और राजस्व प्राप्त होगा। अहमदाबाद एक आदर्श मेजबान शहर है जो विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक उत्साही खेल संस्कृति प्रदान करता है। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है। खेलों के अलावा, भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और लाखों युवा एथलीटों को प्रेरित करने जैसे स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। इसके अलावा, खेल विज्ञान, कार्यक्रम संचालन और प्रबंधन, रसद और परिवहन समन्वयक, प्रसारण और मीडिया, आईटी और संचार, जनसंपर्क और संचार तथा अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पेशेवरों को अवसर मिलेंगे। इस तरह के विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजन से राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना प्रबल होगी। यह एक साझा राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा और हमारे राष्ट्र का मनोबल बढ़ाएगा। यह एथलीटों की नई पीढ़ी को खेलों को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और सभी स्तरों पर खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

# कैरेबियन लीग में एक बाल पर बने 22 रन

● **नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बाल पर 2 सिक्स अगली बाल पर भी सिक्स**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक बाल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वारियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वारियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने।

ओशाने थामस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बाल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बाल डाली।

इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थामस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया।

इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया। टी-20 क्रिकेट में दो दफा एक बाल पर 13 रन बन चुके हैं। केरल प्रीमियर लीग- सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बाल पर 13 रन बने थे।

# ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो दूसरे दौर में

● **भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया**



**पेरिस, वार्ता।** भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया।

इस जीत के साथ, वे राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए, जहां उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी से होगा। इससे पहले दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। प्रणय ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में फिनलैंड के जोआकिम ओल्डॉर्फ को 47 मिनट में 21-18, 21-15 से हराया। अब उनका सामना राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा। सिंधु ने अपने अभियान की शुरुआत मात्र 39 मिनट में 23-21, 21-6 से जीत के साथ की। शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, स्कोर 21-21 से बराबर रहा, लेकिन सिंधु ने दो अंकों की बढ़त के साथ गेम अपने नाम कर लिया। 2019 की महिला एकल चैंपियन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 अंकों के अंतर से मैच अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना से होगा। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे ने अपने पहले राउंड ऑफ 64 मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

# अफगानिस्तान ने जॉन मूनी को फील्डिंग कोच बनाया

● **जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम वापसी कर रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को, एसीबी ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी, जिन्होंने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप शामिल हैं।

नके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोलचग सर्टिफिकेट हैं। अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा, मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है।

एसीबी ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है।

**खेल विशेष**

## विश्व चीन की महिलाओं का जलवा, मेजबान फ्रांस ने दर्शकों को रोमांचित किया

**पेरिस, वार्ता।** बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे मैच के दिन मंगलवार को एडिडास एरिना में चीन की महिलाओं ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस ने अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों से रोमांचित किया। महिला एकल में, चीन की गहराई पूरी तरह से देखने को मिली। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को केवल 26 मिनट में 21-5, 21-4 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू ने भी ऐसा ही किया, उन्होंने चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया, जबकि गाओ फांगजी ने मलेशिया की गोह जिन वेई को इसी अंतर से हराया।

## घरेलू हीरो शुभंकर शर्मा डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों के साथ शामिल होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा 40 लाख डॉलर की डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों रोरी मैक्लॉय और टॉमी फ्लीटवुड के साथ घरेलू टीम की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होगी। शर्मा, जिन्होंने हाल ही में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके अपने करियर का एक शानदार प्रदर्शन किया, दिसंबर 2017 में सिर्फ 21 साल की उम्र में जोबर्ग ओपन का खिताब जीतकर डीपी वर्ल्ड टूर जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दो महीने बाद मेबैंक चैंपियनशिप जीतने के लिए 62 का शानदार फाइनल राउंड बनाकर दूसरी ट्रॉफी जीती।

# राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने तीन रजत पदक जीते

● **बिंद्यारानी, मुथुपंडी और स्नेहा उपविजेता रही जबकि कोयल बार ने सुर्खिया बंटोरी**

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन ने कल अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीते, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। बंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। बयान में कहा गया है, ष्उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाकर 122 किग्रा का अंतिम प्रयास विफल कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा, 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंद्यारानी देवी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 में रजत पदक जीता था। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा (125 किग्रा 172 किग्रा) भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा, 165 किग्रा) के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, 17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा (90 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा, 104 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

## पंजाब एफसी के छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में भारतीय टीम में शामिल किया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** राउंडग्लास और पंजाब एफसी के जमीनी स्तर से लेकर भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर तक के रास्ते बनाने के दृष्टिकोण को एक और शानदार समर्थन मिला है, क्योंकि इसके छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। यह चयन न केवल क्लब के लिए, बल्कि युवा विकास और समग्र विकास के उस दर्शन के लिए भी गौरव की बात है जिसने हाल के वर्षों में राउंडग्लास को परिभाषित किया है। इसमें निखिल प्रभु और मुहम्मद उवैस अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर टीम में चुना गया है। निखिल के लिए, यह चयन गुजरात से शीर्ष स्तर तक की वर्षों की निरंतर प्रगति का पुरस्कार है।

# सिनर, स्वियाटेक, कोको और नाओमी ओसाका ने अपने-अपने मुकाबले जीते

● **पुरुष वर्ग में शीर्ष वरियता प्राप्त सिनर ने चेक गणराज्य के विटकोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में हरा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** 2025 यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं का पहला दौर मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें गत विजेता जैनिक सिनर के साथ-साथ शीर्ष दावेदार इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने भी शानदार जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। सिनर ने कहा कि यहां वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से प्रदर्शन किया। स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल के पहले मैच में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज की - जो ओपन युग में एक नया रिकॉर्ड है। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता दी गई थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। 2023 यूएस ओपन चैंपियन ने लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः अजला टोमलजानोविक को 6-4, 6-7(2), 7-5 से हराया। गॉफ, जो अपनी सर्विस की समस्या को दूर करने की को. शिश कर रही हैं, ने 10 डबल फॉल्ट किए, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था, लेकिन अंतिम गेम में जब जरूरी था, तब उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमे. रिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 2-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया। धीमी शुरुआत के बावजूद, वांग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और सरल तथा अधिक निर्णायक खेल से सफलता पाई। वांग ने कहा कि यह एक बहुत ही कठिन मुकाबला था। पहले सेट में मेरा पहला सर्व प्रतिशत कम था। उसके बाद, मैंने धीरे-धीरे खुद को ढाला और अपनी सोच को स्पष्ट किया।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जर्मनी के विश्व नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने देर से शुरुआत से उबरते हुए संयमित प्रदर्शन करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 7-6(4), 6-4 से हराकर 2025 यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 28 वर्षीय ज्वेरेव को अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के लिए लगभग ढाई घंटे लगे, जो टूर्नामेंट के पहले रविवार के मैच का हिस्सा था।

2020 यूएस ओपन के फाइनलिस्ट ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और पहले सेट में दबदबा बनाया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें ताबिलो की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, उन्होंने 5-6 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट बचाया और फिर टाईब्रेक में नियंत्रण हासिल कर लिया। उन्होंने तीसरे सेट के निर्णायक दसवें गेम में फिर से सर्विस तोड़ी और मुकाबला जीत लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो कई बार यह बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन आप जानते हैं, मैं आगे बढ़ चुका हूँ, मैंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अभी बहुत कुछ बनाना बाकी है, बहुत कुछ सुधारना बाकी है। इस नतीजे ने ज्वेरेव को नौवीं बार यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचा दिया, जिससे फ्ललशग मीडोज में शुरुआती दौर के मैचों में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया। इस जीत ने उन्हें जुलाई में लवबलडन में पहले दौर में मिली हार से उबरने में भी मदद की, जिससे मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंचने सहित उनके उत्तरी अमे. रिकी हार्ड-कोर्ट प्रदर्शन में और सुधार हुआ।

# आर अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

**अनुभवी स्पिन गेंदबाज अश्विन ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया है। इस अनुभवी स्पिन गेंदबाज ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया। अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्कहते हैं कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है।

एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक अन्वेषक के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा 9.75 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद अश्विन की इस साल शानदार वापसी हुई। लेकिन उनका सीजन निराशाजनक रहा, उन्होंने केवल नौ मैच खेले और सात विकेट लिए। इस महीने की शुरुआत में, क्रिकबज ने बताया था कि अश्विन और सीएसके अलग होने वाले हैं। 38 वर्षीय ऑफ स्पिनर, जिन्होंने 2009 में सीएसके के साथ लीग में पदार्पण किया था, ने कई फ्रेंचाइजी के लिए 221 मैचों में 187 विकेट लिए। वह आईपीएल में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया। अश्विन 2010 और 2011 में सीएसके की खिताबी जीत का अहम हिस्सा थे, उन्होंने क्रमशः 13 और 20 विकेट लिए थे। 2010 में, अश्विन सीएसके की चैंपियंस लीग टी-20 जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे थे। अगले साल के आईपीएल फाइनल में, उन्होंने पहला ओवर फेंका और सीएसके के 205/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के क्रिस गेल को शून्य पर आउट कर दिया। उन्होंने 2014 में सीएसके के साथ दूसरी चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफी जीती। अपनी घरेलू फ्रेंच. इजी में लंबे सफल कार्यकाल के बाद, अश्विन ने अब बंद हो चुकी राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स (जिसके वे कप्तान थे), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला। 2009 में अपने पदार्पण से लेकर 2015 सीजन तक, अश्विन ने सीएसके के लिए खेला और कुल 90 विकेट लिए। 2016 में, जब सीएसके पर प्रतिबंध लगा, तो उन्होंने आरपीएस के लिए खेला, वह भी एमएस धोनी की कप्तानी में। इसके बाद चोट के कारण वह 2017 सीजन में नहीं खेल पाए। 2018 में, पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर उन्हें 7.60 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया और उन्हें कप्तानी सौंप दी। इन दोनों सीजन में 25 विकेट लेने के बावजूद, पंजाब की किस्मत नहीं बदली और वे दोनों ही मौकों पर शीर्ष चार से बाहर रहे। 2020 सीजन से पहले, उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में ट्रेड कर दिया गया, जहां उन्होंने दो साल तक खेला। 2022 की मेगा नीलामी में, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 5 करोड़ रुपये में खरीदा, जहां उन्होंने युजवेंद्र चहल के साथ मिलकर एक घातक स्पिन आक्रमण तैयार किया। आरआर में पहले दो सीजन में उन्होंने 12 और 14 विकेट लिए, लेकिन 2024 में उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई (8.49 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट)। फिर आरआर ने उन्हें रिलीज कर दिया और सीएसके ने उन्हें बड़ी रकम में खरीद लिया। बीसीसीआई भारतीय अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को अन्य टी-20 लीगों में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 28 अगस्त 2025

# नाकाम रही बातचीत

आखिरकार वही हो गया, जिसकी आशंका काफी समय से की जा रही थी। अब भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया। टैरिफ लागू होने से यह साफ हो गया कि पर्दे के पीछे जो टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, वह परवान नहीं चढ़ सकी। टैरिफ को लेकर अब नफे-नुकसान की बातें भी होने लगी हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट की मानें, तो इस नए टैरिफ से भारत का लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात प्रभावित होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस नए टैरिफ से इंजी. नियरिंग, गुड्स, छोटे और मध्यम उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

यहां भारत को घाटा होगा, वहीं चीन, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों को लाभ पहुंचेगा, क्योंकि उनके सामान वहां सस्ते दाम पर बेचे जाएंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में स्वीकार्यता कम होगी। बड़ी संख्या में नौकरियां भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। ट्रम्प अभी रुक नहीं रहे हैं, वह भारत को बराबर धमका रहे हैं और कह रहे हैं कि 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। जाहिर है अगर ऐसा होता है, तो इससे भारतीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। हालांकि अच्छी बात यह है कि भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने लगभग 50 देशों के लिए नई निर्यात रणनीति बनाई है। अब भारत चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी बाजारों पर फोकस करेगा। साफ है कि अमे. रिका के बाजार का विकल्प तलाश करने के लिए अब भारत को अन्य देशों के बाजार में अपनी पैठ बनानी होगी। निश्चित रूप से यह काम इतना आसान भी नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं है। असल सवाल यह नहीं है कि भारत को इस नए टैरिफ से कितना लाभ या हानि होगी, असल सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत के साथ बेगाने जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। अभी कल तक जो अमेरिका अपने आपको भारत का रणनीतिकार बताता था और ट्रम्प स्वयं पीएम मोदी को अपना घनिष्ठ मित्र बताते रहे हैं, तो भारत के साथ इस तरह की बेरुखी किसी के समझ में नहीं आ रही है। चीन, पाकिस्तान, मलेशिया, इंडोनेशिया, मैक्सिको जैसे देशों पर भारत से बहुत कम टैरिफ लगाया गया है। जाहिर है भारत में भी भारत की विदेश नीति को लेकर एक बहस छिड़ गई है, कांग्रेस तो पूरी तरह हमलावर हो रही है कह रही है कि ट्रेड पर कोई सम्मानजनक डील न होना इस बात का सबूत है कि भारत की विदेश नीति व कूटनीति पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यह हमने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के समय भी देखा था, जब हमारे साथ कोई भी देश नहीं खड़ा था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने फिर से अपनी इस पुरानी बात को दोहराया है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में उन्होंने मध्यस्थता की, यह भी कहते हैं कि व्यापार की धमकी को देकर ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कराया। यह अलग बात है कि भारत ऐसा नहीं मानता, लेकिन लगता है कि ट्रम्प पर इसका प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जहां भी अवसर मिलता है वह इस बात को दोहराते हैं।

### जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा



देशभर में वोट की चोरी हो रही है, इसी के खिलाफ हमने यह यात्रा शुरू की है, इसकी सफलता देखकर मैं काफी उत्साहित हूं, आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी और जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा, यह लड़ाई सां. प्रदायिक ताकतों और वोट की चोरी करने वालों से है, जिसमें सभी दल एकजुट होकर साथ दे रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर के समय युद्ध विराम को लेकर पीएम मोदी ने अमेरिका के दबाव में घुटने टेक दिए थे, जब युद्ध चल रहा था, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया और कहा कि 24 घंटे के भीतर युद्ध बंद कर दो, इसके बाद मोदी ने महज पांच घंटे के भीतर ही युद्ध बंद कर दिया, यह बात उन्होंने नहीं, बल्कि खुद ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से कही थी। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम

## वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर

### आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं



पवन सिंह



आदमी को जब-जब ताकत मिली है तब-तब उसने अपनी शक्तियों का प्रयोग नृशंसता के साथ किया है। इतिहास गवाह है कि ऐसे व्यक्तियों ने वर्तमान ही नहीं भविष्य भी नष्ट-भ्रष्ट कर डाला है। भारतीय संदर्भ में मैं यह कह सकता हूं कि अब हमारी बारी है। नेता-मलाईदार पद के लिए सर्प की तरह लपलपाती जुबान वाले अफसरों-आदमखोर उद्योगपतियों और धर्म के अंधियारे में डूबी आवाम ने मिलकर पर्यावरण पर जिस तरह का वहशियाना हमला किया है, ऐसा इस प्रकृतिवादी देश में कभी नहीं हुआ।

एक पेड़ मां के नाम जैसे नारे देकर पूरे के पूरे जंगल साफ करने की भयावह कवायद इस देश में देखी जा सकती है। बड़े-बड़े फर्जी और दिखावटी नारों की आड़ में हम सब वह कर रहे हैं, जो विश्व के किसी भी देश में देखने को नहीं मिलेगा। भारत में हम जंगल के जंगल साफ कर रहे हैं और गमलों में बोनसाई उगा रहे हैं। आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं, लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं। इसीलिए नेचर भी आपसे लड़ने के लिए फेंटा कस कर मैदान-ए-जंग में उतर चुकी है। हमारे देश की हालत यह है कि यहां अब बे-सिर-पैर के विषयों पर ही चर्चा होती है, जबकि शिक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा, विज्ञान पर बात करना या तो अपराध की श्रेणी में आता है या मूर्खता की।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 की रिपोर्ट आई है। हर दो सालों पर यह रिपोर्ट आती है। वन क्षेत्रों को लेकर बहुत ही चमकदार रिपोर्ट बनाई गई है। बकौल रिपोर्ट, बीते दो वर्षों में देश के वन और वृक्ष आवरण क्षेत्रों में 1,445 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई, जो अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। हालांकि, दो साल में एक बार प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट का विश्लेषण देश में वनों की स्थिति को लेकर एक चिंता पैदा करने वाली असलियत उजागर करता है।

रिपोर्ट आई और चली गई। इस रिपोर्ट पर हिंदू-मुस्लिम मीडिया ने कोई चर्चा नहीं की। विश्लेषण नहीं किया। रिपोर्ट में छिपा सबसे बड़ा सच तो यह है कि वर्ष, 2023 में वन आवरण में वृद्धि मात्र 0.02 प्रतिशत है, जो कि 2021 की तुलना में न के बराबर है। रिपोर्ट राजा के डर के कारण, हौले-हौले से, धीरे-धीरे से, डरते-सहमते बहुत कुछ कह जाती है। रिपोर्ट में दर्ज राज्यवार आंकड़ों का विश्लेषण करिए तो पता चला है कि देश में वन क्षेत्र में जबरदस्त गिरावट आई है। उदाहरणार्थ-असम के रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए), जिसमें सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद वन शामिल हैं, उनमें 86.66 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। यह डरावनी स्थिति है। रिपोर्ट बताती है कि सघन वन (एमडीएफ) 8,333 वर्ग किलोमीटर से घटकर मात्र 4,468 वर्ग किलोमीटर रह गए हैं। यानी कि आधे रह गए हैं। वहीं, अति सघन वन क्षेत्र में थोड़ी वृद्धि हुई है। यह 2,789 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2,833 वर्ग किलोमीटर हो गए हैं। त्रिपुरा में, आरएफए के अंतर्गत मौजूदा वन क्षेत्र घटकर 116 वर्ग किलोमीटर रह गया है।

यही हाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, तेलंगाना और लद्दाख का भी है, जहां वन क्षेत्रों का दायरा घटा है। रिपोर्ट बताती है कि आरएफए के अंदर कुल 46,707 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कैनोपी में गिरावट का सामना कर रहे हैं। यानी कि कभी अत्यधिक घने, मध्यम घने और खुले वन क्षेत्र से बदलकर गैर-वन क्षेत्रों में परिवर्तित हो गए हैं। बकौल रिपोर्ट, कैनोपी के घनत्व को सबसे ज्यादा नुकसान 0 से 10 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में हुआ, जो 31,709 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसके बाद, 10 से 50 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में 9,531 वर्ग किलोमीटर में वितान आवरण को नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 50 हेक्टेयर से अधिक वाले क्षेत्रों में वितान को होने वाला नुकसान 5,466 वर्ग किलोमीटर में फैला था।

50 हेक्टेयर से बड़े क्षेत्र के मामले में वितान आवरण को सबसे अधिक क्षति मिजोरम में हुई है, जहां 892।81 वर्ग किलोमीटर में इसमें गिरावट आई है। इसके बाद बाद राजस्थान में 558 वर्ग किलोमीटर और तेलंगाना में 557 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वितान आवरण को गिरावट का दंश झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में 92,989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की भी पहचान की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत गिरावट से जूझ रहे हैं। इसमें 44,891 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भी उल्लेख किया गया है जो मध्यम सघन वन (एमडीएफ), खुले जंगलों और झाड़ियों से गैर-वन क्षेत्रों में बदल सकते हैं। यह सब बहुत ही भयावह और डरावना है।


गुजरात में मैंग्रोव को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जहां 2021 की तुलना में 2023 में राज्य ने 36.39 वर्ग किलोमीटर में फैले मैंग्रोव खो दिए हैं। कच्छ में रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा 61.14 वर्ग किलोमीटर कवर कम हुआ है। यह सब लिखते और पढ़ते हुए मैं बेहद डरा हुआ हूं कि हमारे बाद की पीढ़ियों का होगा क्या? क्या उनकी औसत आयु प्रदूषण और पर्यावरण जनित भयावह स्थितियों के कारण कुछ ही साल रह जाएगी? न शुद्ध हवा, न पानी, न भोजन। इसके बाद आदमखोर, उद्योगपति- सत्ताधीश और लालची अफसर और घंटा टनटनाती मूर्ख आवाम क्या करेगी? खैर, अकेले गुजरात ने ही मैंग्रोव नहीं खोते हैं बल्कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी विगत दो वर्षों की तुलना में 4.65 वर्ग किलोमीटर मैंग्रोव क्षेत्र को दिया है। हम वन विनाश के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। हमने विगत पांच वर्षों में 668,400 हेक्टेयर में फैले जंगल काट डाले हैं। सरकार ने संसद में जानकारी दी कि दिसंबर 2024 तक हसदेव वन में 94,460 पेड़ काटे गए हैं और भविष्य में और काटे जाएंगे, क्योंकि सरकार ने कोयला खनन के लिए कुल 2,73,757 और पेड़ों को काटने की मंजूरी दी है। यह कटान अडानी सर को कोयला देगी।

जुलाई 2025 में, केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि अडानी समूह की परसा ईस्ट केंटे बेसिन PEKB कोयला खदान के लिए 3.68 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। इससे पहले, मुंबई के आ.रे.जंगल में मेट्रो शेड के लिए लगभग 2,600 पेड़ों को काटा गया था, शुरुआती दौर में 2,000 से अधिक पेड़ काटने की मंजूरी मिली थी, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने आगे कोई पेड़ न काटने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद कटाई की गई। राजस्थान के चार जिलों में इतनी पेड़ों की कटाई हुई है कि जीवन-चक्र ही बर्बाद हो गया है। राजस्थान में 26.40 लाख पेड़ कट चुके हैं। आने वाले साल में 38.54 लाख पेड़ और काटे जाएंगे। इस कटान से बड़ी संख्या में तितली, पक्षी और अन्य वह कीट-पतंगें खत्म हो गए हैं जिनका संबंध प्रकृति जीवन चक्र से था। इसका सीधा असर पेड़-पौधों व कृषि उत्पादन पर पड़ा है। इसी हाल, पश्चिमी घाट वन क्षेत्र का है। यहां भी वन क्षेत्रों में कमी आई है। वन राज्य रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दशक में पश्चिमी घाट में लगभग 58.22 वर्ग किमी वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है, जहां मध्यम और खुले घने जंगल में कमी आई है। जिन गंभीर विषयों पर भारतीय मीडिया को मुखर होना चाहिए था, वहां वह मौत सी खामोशी ओढ़ कर, अन्य विषयों पर रक्कासा बना हुआ है। यह समय वैचारिक, वैज्ञानिक और चारित्रिक व व्यावहारिक पतन का स्वर्णिम समय है। यकीन मानिए एक दिन नेचर, जमीन-हवा और जल का सारा हिसाब-किताब आप और आपकी पीढ़ियों को दफन करके ले लेगी। मानव प्रजाति का विनाश तेजी से करीब आ रहा है और इस विनाश को स्वयं मानव ने न्यौता दिया है। अभी तो भूस्खलन, बाढ़, सूखा और भयावह गर्म दिनों का ट्रेलर रिलीज हुआ है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह पूरी फिल्म, हमारी पीढ़ियां मौत की हिचकियां लेते हुए देखेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को जगा सकते हैं

**दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर कोशिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है?**



चूहों पर हुए एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 और फ्लू जैसे संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को सक्रिय कर सकते हैं। नेचर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, ऐसे संक्रमण कुछ मरीजों में कैंसर से मौत का खतरा लगभग दुगना कर सकते हैं। दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर को. शिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है? पूर्व अध्ययनों में पाया गया था कि धूम्रपान, उम्र बढ़ना या कुछ बीमारियों से होने वाला जीर्ण शोथ इसका कारण हो सकते हैं। लेकिन कोलोराडो युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के जेम्स डीग्रेगरी और उनकी टीम को लगा कि शायद सांस के संक्रमण से होने वाले गंभीर शोथ का भी इसमें हाथ हो सकता है।

इसे परखने के लिए उन्होंने चूहों को इस तरह तैयार किया कि उनमें स्तन कैंसर ट्यूमर बनें और फेफड़ों में सुप्त कैंसर कोशिकाएं मौजूद रहें। फिर इन चूहों को या SARS-CoV-2 (कोविड-19 वायरस) या इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वायरस से संक्रमित किया। नतीजे चौंकाने वाले थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि संक्रमण के कुछ ही दिनों में सोई हुई कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने लगीं और फेफड़ों में मेटास्टेटिक घाव बनने लगे। इसका कारण सिर्फ वायरस नहीं, बल्कि इंटरल्यूकिन-6 IL-6 नाम का एक प्रतिरक्षा अणु था, जो संक्रमण से लड़ने में अहम भूमिका निभाता है। जब वैज्ञानिकों ने ऐसे चूहों पर प्रयोग किया जिनमें IL-6 नहीं था, तो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि काफी धीमी रही। इससे साबित हुआ कि IL-6 इस प्रक्रिया का मुख्य कारक है। एक और चौंकाने वाली बात यह निकली कि हेल्पर T कोशिकाएं, जो आम तौर पर बीमारियों से बचाव करती हैं, वे इन कैंसर कोशिका. ओं को प्रतिरक्षा प्रणाली के हमले से बचा रही थीं। इन निष्कर्षों के बाद वैज्ञानिकों ने यूके बायोबैंक का डैटा देखा और पाया कि जिन लोगों को कोविड-19 हुआ था, उनमें कैंसर से मरने का खतरा उन लोगों की तुलना में लगभग दुगना था जिन्हें कोविड नहीं हुआ। इसके अलावा यह खतरा संक्रमण के बाद शुरुआती कुछ महीनों में सबसे ज्यादा था। वैसे तो यह निष्कर्ष शुरुआती हैं और अभी और अधिक अनुसंधान की जरूरत है, लेकिन चीजें और स्पष्ट होने तक संक्रमण से एहतियात बरतना ही बेहतर होगा।

-स्रोत फीचर्स

# पशु प्रेमियों के देश में वृद्धजनों की दुर्दशा




निर्मल रानी

इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके खिलाफ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है परन्तु इस विषय को लेकर ताजातरीन बहस की शुरुआत उस समय हुई जब सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थाई रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें।

अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी। चूंकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हजारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज से होने वाली मौतों में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिए गए थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम्स बनाए जाएं व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाए जाएं। यहां तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व गैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के श्कुत्ता प्रेमियोंश में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर कुत्ता प्रेमियों द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को कैद करने और संभावित रूप से मारने का खतरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को बहुत कठोर बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गए। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुए नए निर्देश जारी किए। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज नसबंदी, डीवार्म कीड़े निकालना तथा वैक्सीनेट टीका लगाना करें। गैर-आक्रामक नॉन-एग्रेसिव और गैर-संक्रमित रेबीज मुक्त कुत्तों को उसी इलाके में वापस छोड़ें। केवल रेबीज संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित करार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निर्देशों में बाधा डालने वाले कथित पशु प्रेमियों पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा गैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। जुर्माने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशो. धित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और ABC रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन पर जोर देता है, परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाए। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं, परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर कुत्ता प्रेम को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है? देश में रोजाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इन्हीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुजुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता। उल्टे कई बार तो पीड़ित राहग. ीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुजरा ही क्यों या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। हद तो यह है कि कई बार यही कुत्ते अपने श्कुत्ता प्रेमी श को ही काट लेते हैं। निश्चित रूप से कुत्तों को दोष इसलिए नहीं दिया जा सकता कि उनकी प्रवृति ही हिंसक है। इसलिए कुत्तों के काटने भोंकने या उनके पीछे दौड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि कुत्तों की वफादारी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुत्तों को तो मनुष्य से भी अधिक वफादार माना जाता है। परन्तु उनकी हिंसक प्रवृत्ति को नकारना और कुत्ता प्रेम की शर्त पर मानव सुरक्षा से समझौता करना भी तर्कसंगत नहीं। इसी संदर्भ में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायलय के गत 11 अगस्त के आदेश के बाद देश के कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आए और अपने पशु प्रेमी होने का प्रदर्शन करने लगे यहां तक कि कई कुत्ता प्रेमी तो अदालती आदेश को लेकर रोते पीटते भी दिखाई दिए वास्तव में यदि इसी स्तर पर समग्र भारतीय समाज में मानव प्रेम की भावना होती तो शायद आज देश में कहीं भी वृद्धाश्रम की जरूरत न होती। वृंदावन में लाखों विधवाएं अपने भाग्य पर आंसू न बहा रही होतीं। अयोध्या, मथुरा व काशी जैसे अनेक धर्म स्थान बुजुर्ग व असहाय भिखारियों से भरे न होते। देश के स्टेशन व फुट पाथ पर बड़ी संख्या में निराश्रित लोग नजर न आते। यानी पशु प्रेमियों के इस देश में कम से कम वृद्ध जनों की ऐसी दुर्दशा देखने को तो न मिलती?



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी तेल खरीदने की सजा, अब जिनपिंग से हाथ मिलाएंगे मोदी

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ को लेकर वर्ल्ड मीडिया ने जताई प्रतिक्रिया

**लंदन।** अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ आज यानी 27 अगस्त से लागू हो गया है। इससे पहले ट्रम्प ने जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, अब भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत और चीन के बीच 5 साल पहले हुई हिंसक झड़प के बाद रिश्तों में तनाव आ गया था, लेकिन अब ट्रम्प के आर्थिक दबाव के बाद उनके बीच नजदीकी बढ़ने लगी है। पीएम मोदी इस हफ्ते 2018 के बाद पहली बार चीन का दौरा करेंगे।

वे शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। जियो पालिटिकल उथल-पुथल के इस दौर में दोनों नेता पुरानी तल्खियों को पीछे छोड़ते हुए आर्थिक मुद्दों पर फोकस करेंगे और आपसी सहयोग के लिए हाथ मिलाएंगे। यह देखना बाकी है कि यह यात्रा ग्लोबल रिलेशन को कैसे प्रभावित करेगी। क्या इससे अमेरिका को चिंता होनी चाहिए? अखबार ने एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है कि अगर अमेरिका, भारत को खो देता है, तो यह उसके लिए 'सबसे बुरा परिणाम' साबित होगा। न्यूयार्क टाइम्स ने कहा कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का बोझ, रूसी तेल खरीदने की सजा। ट्रम्प ने भारत के सभी सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है। 25 प्रतिशत टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगा है। इससे भारत के उन निर्यातकों को भारी नुकसान होगा, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। साथ ही यह कदम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते आर्थिक रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में से दो-तिहाई का कारोबार भारत में है। यह टैरिफ भारत



के शेयर बाजार में अरबों डॉलर के विदेशी निवेश को भी अस्थिर कर सकता है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिकी आयातकों की चीन की फैक्ट्रियों पर निर्भरता कम करने की रणनीति कमजोर पड़ सकती है। भारत, जो इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का मजबूत साझेदार है, अब दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ देने वाले देशों में शामिल हो गया है। यह भारत के लिए बड़ा झटका है। इससे भारत के निर्यात और आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ सकता है।

### 1 द गार्डियन:

ट्रम्प के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचने और ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पड़ने का खतरा है। अमेरिका के इस कदम से भारतीय निर्यातक विदेशों से आने वाले सामानों पर सबसे ज्यादा अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहे हैं।

### 2 एसोसिएटेड प्रेस:

भारत को अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका से तगड़ा झटका लगा है। इससे भारत के 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इससे अमेरिका को निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं और आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है।

### 3 फाइनेंशियल टाइम्स:

भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट लागू हो गया है। ट्रम्प के इस फैसले से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। भारतीय विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प का यह कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाने के लिए भी है। हालांकि, भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट बुधवार (27 अगस्त) को किया गया, जो कामयाब रहा। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए।

स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस

**■ पहली बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग**

राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई गई। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया गया। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए किया गया।

# डिजिटल टैक्स लगाने वालों पर गिरेगी गाज

## अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स खत्म नहीं किया, तो उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रम्प ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिकत टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिकत टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रम्प इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो



**राष्ट्रपति ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने जताई चिंता, दुर्लभ मस्तिष्क विकार होने के स्पष्ट संकेत**

ब्लाक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह एक्ट अमेरिकी टेक कंपनियों पर अतिरिक्त नियामक बोझ डालता है।

यूरोप में कई देशों ने डिजिटल सेवा प्रदाताओं के राजस्व पर टैक्स लगाया है, जो मुख्यत: अमेरिकी दिग्गजों जैसे गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन को प्रभावित करता है। भारत ने ट्रम्प के टैरिफ से बचने की कोशिश के चलते एक अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसद इक्विलाइजेशन लेवी को खत्म करने की घोषणा की है, जिसे डिजिटल टैक्स के रूप में जाना जाता है। डिजिटल टैक्स हटाने से गूगल, मेटा और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को राहत मिलने की संभावना है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से सीमा शुल्क राजस्व सालाना 500 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। इसमें जुलाई-अगस्त के बीच काफी उछाल और सितम्बर में और अधिक उछाल आने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। डा. हैरी सेगल व डा. जान गार्टनर ने दावा किया कि ट्रम्प में दुर्लभ मस्तिष्क विकार के स्पष्ट संकेत हैं, जो धीरे-धीरे बदतर होते जा रहे हैं। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, इन मनोवैज्ञानिकों ने ट्रम्प के सार्वजनिक व्यवहार, भाषा और मोटर क्षमताओं में लगातार गिरावट पर चिंता जताई है। गार्टनर ने कहा कि ट्रम्प की मानसिक सक्रियता का ह्रास हो रहा है।

## भारत से जंग रोकने के लिए ट्रम्प ने चेताया था पाक को

**वाशिंगटन।** भारत-पाकिस्तान जंग को खत्म करने में अपनी भूमिका को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अपना पुराना राग अलापा है। हालांकि इस बार उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देने की बात कही है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु टकराव को रोकने में सीधी भूमिका निभाई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की। ट्रम्प ने कहा कि मैंने पीएम मोदी से कहा कि मैं एक बहुत ही शानदार इंसान से बात कर रहा हूं। मैंने उनसे पूछा कि आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है। फिर मैंने पाकिस्तान से बात की और सीधी चेतावनी दी कि यदि तनाव जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा, बल्कि इतना अधिक टैरिफ लगाएगा कि उनका सिर घूम जाएगा।




बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने इसरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा, पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है।

# रूस से ट्रेड करना चाहता है अमेरिका, प्रतिबंध हटाने पर कर रहा विचार

**वाशिंगटन।** भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करने की कोशिश कर रहा है। रायटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प और पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई मुलाकात के दौरान इस डील पर बातचीत हुई थी।

अमेरिकी कंपनी एक्सान मोबिल ने रूस के सखालिन-1 आयल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होने और रूस को अमेरिकी

**■ रूसी न्यूक्लियर एनर्जी शिप्स खरीदने की भी तैयारी**

इक्विपमेंट बेचने की बात की थी। यूक्रेन पर 2022 में रूसी हमले के बाद अमेरिका ने रूस के एनर्जी सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिससे रूस को विदेशी निवेश मिलना बंद हो गया। अब अमेरिकी अधिकारी रूस को शांति के लिए राजी करने के लिए कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका रूस से एटमी एनर्जी से चलने वाले आइस ब्रेकर शिप्स खरीदने का भी सोच रहा है। अमेरिका पहुंचने पर ट्रम्प ने रेड कार्पेट पर पुतिन का स्वागत किया था। रायटर्स ने सूत्र के हवाले से बताया कि व्हाइट हाउस 15 अगस्त को ट्रम्प-पुतिन की अलास्का बैठक के बाद एक बड़े निवेश सौदे का ऐलान करना चाहता था। ट्रम्प को लग रहा था कि यह उनकी जीत होगी, लेकिन 3 घंटे की बैठक के बाद भी कोई बड़ा समझौता नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में यात्री बस दुर्घटना में 25 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट गई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। एक तालिबान अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह-सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवकता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए। यह दुर्घटना पश्चिमी हेरात प्रांत में हुई एक दुर्घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें लगभग 80 लोग मारे गए थे।

### डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के विदेश मंत्री ने अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया, जब देश के राष्ट्रीय प्रसारक ने बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़े तीन लोग ग्रीनलैंड में गोपनीय तरीके से प्रभाव डालने वाले अभियान चला रहे हैं। ग्रीनलैंड, आर्कटिक क्षेत्र में स्थित एक विशाल और अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र है। ट्रम्प ने इस क्षेत्र को खरीदने में रुचि दिखाई थी। हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है। उन्होंने अमेरिका की ओर से वहां खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशों की निंदा की है।

# जेल में नहीं दी जा रही बुनियादी सुविधाएं: इमरान

## पाक के पूर्व पीएम बोले: पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ केस दर्ज हो



**इमरान खान ने कहा: उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ और जेल प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

खान ने पुलिस में आवेदन देकर कहा है कि उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं और इसके पीछे सीधा आदेश मरियम नवाज का है। 72 वर्षीय इमरान खान ने पुलिस प्रमुख को लिखे पत्र में कहा कि उनकी सेल में रोशनी तक नहीं है और मुलाकात के अधिकार भी छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के इशारे पर उनके साथ कैदी होने के बावजूद कानूनी और मानवीय अधिकारों का हनन किया जा रहा है। खान ने मरियम नवाज़ और आठ जेल अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इमरान खान ने कहा कि उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुलिस चौकी पर तैनात अधिकारी जैनब और ऐजाज पर भी उन्होंने परिवार के साथ दुर्व्यवहार और परेशान करने के आरोप लगाए। खान का कहना है कि उन्हें पूरी तरह बाहरी दुनिया से काटकर रखा गया है, ताकि वे देश की हालात से अनजान रहें। टीवी और अखबार तक उन तक नहीं पहुंचने दिए जा रहे। जेल से बाहर संदेश साझा करते हुए इमरान खान ने कहा कि उन्हें दोबारा एकांतवास में डाल दिया गया है। उन्होंने लिखा कि वह राष्ट्र की असली आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पीछे नहीं हटेंगे। खान ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी इसी तरह अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है और मुलाकात की इजाज़त तक नहीं मिल रही।

## उपचुनाव नहीं लड़ेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उपचुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा के होने वाले उपचुनावों में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी ने इमरान खान की राय के आधार पर लिया। गौरतलब है कि मई 2023 दंगों में शामिल नेताओं की सजा के बाद कई सीटें खाली हुई थीं। पार्टी की राजनीतिक समिति की बैठक में यह मुद्दा सामने रखा गया। इमरान खान ने अदियाला जेल में अपनी कानूनी टीम से मुलाकात के बाद यह संदेश भेजा। बाद में उनकी बहन अलीमा खान ने मीडिया को यह राय बताई।

# सीरिया में इजरायली ड्रोन से भीषण हमला, छह सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजरायली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चौनल के अनुसार, दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इजरायली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसम्बर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजरायल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं। ब्रिटेन में स्थित संगठन सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने बताया कि हुआ हमला दमिश्क और दक्षिणी प्रांत स्वेदा को जोड़ने वाले इलाके पर हुआ।

**Bharat Ayurved Medical College Hospital & Research Centre**
10 Km. Roorkee Road NH-58, P. O. Barla Muzaffarnagar (NCR) 251001 (U.P.)

**भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक-27/08/2025

निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रचना शरीर | प्रोफेसर | 1 |
| 2. | रोग निदान | प्रवक्ता | 1 |
| 3. | क्रिया शरीर विभाग | रीडर | 1 |
| 4. | स्त्री प्रसूति विभाग | प्रवक्ता | 1 |
| 5. | अगद तंत्र विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 6. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 7. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की दो प्रतियाँ तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पता: भारत आयुर्वेद मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283/7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेब राव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

